दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करणःटोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा
• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///
वर्ष : 12 | अंक : 24 | टोंक | गुरुवार,29 अगस्त, 2024 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष एकादशी संवत्-2081 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹1.00 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## मदरसे में छाप रहे थे 100-100 रुपए के नकली नोट

### प्रयागराज में बाजार में खपाए 5 लाख, 4 आरोपियों में एक 8वीं तो दूसरा 10वीं पास

बढ़ता राजस्थान

**प्रयागराज (एजेंसी)।** यूपी में प्रयागराज के एक मदरसे में 100-100 रुपए के जाली नोट छापे जा रहे थे। पुलिस ने यहां से 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक ओडिशा का रहने वाला है। इनके पास से 1.30 लाख की फेक करेंसी बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपियों में मदरसे का मौलवी मोहम्मद तफसीरूल भी शामिल है। डीसीपी सिटी दीपक भूकर ने बताया- मामला अतरसुइया इलाके के मदरसा जामिया हबीबिया मस्जिदे आजम का है।

#### मशीन में फंसे मिले जाली नोट

डीसीपी ने बताया- मुखबिर ने हमें सूचना दी थी कि मदरसे में संदिग्ध एक्टिविटी है। यहां बाहरी लोगों का आना-जाना है। इसके बाद हमने जांच तेज की। मदरसे से जुड़ा मामला था, इसलिए पूरी सावधानी बरती गई। जब हमें कन्फर्म हो गया कि मदरसे में कुछ गलत हो रहा है, तब यहां रेड की गई। इस दौरान हमें वहां प्रिंटिंग मशीन में नोट छापते हुए तीन लोग मिले। पूछताछ में उन्होंने मदरसे के प्रिंसिपल की संलिप्तता कबूल की। इसके बाद प्रिंसिपल को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

#### ओडिशा का जाहिर खान गिरोह का मास्टरमाइंड

आरोपियों में प्रयागराज के कौली थाना क्षेत्र के अंधीपुर रोड गौसनगर का रहने वाला मो. अफजल (18) पुत्र मोईद अहमद और मोहम्मद शाहिद (18) पुत्र अब्दुल गफ्फार गिरफ्तार किए गए हैं। इसके अलावा ओडिशा का जाहिर खान उर्फ अब्दुल जाहिर पुत्र साजिद खान (23) और अतरसुईया थाना का मोहम्मद तफसीरूल (25) आरीफीन पुत्र आशिकुल रहमान पकड़ा गया है।

## असम सीएम बोले- चंपाई सोरेन की हो रही थी जासूसी

### स्पेशल ब्रांच के 2 पुलिस अधिकारी दिल्ली में पकड़े गए; राज्यपाल से करेंगे शिकायत

बढ़ता राजस्थान

**रांची (एजेंसी)।** असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। सरमा ने कहा कि चंपाई सोरेन की जासूसी हो रही थी। दिल्ली पुलिस ने ऐसे दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों को दिल्ली पुलिस ने अपनी कस्टडी में रखा है। असम के सीएम भाजपा की ओर से झारखंड के सह चुनाव प्रभारी भी हैं। हिमंता ने कहा कि इन दोनों के नाम और उनकी तस्वीर मेरे पास है, लेकिन मैं इसे सार्वजनिक नहीं कर रहा क्योंकि संभव है कि वह किसी और नक्सल ऑपरेशन या किसी मामले की जांच में हों।

#### चंपाई सोरेन ने की लिखित शिकायत

हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा है कि पूछताछ में दोनों ने आईजी प्रभात कुमार का नाम लिया। उनके कहने पर ही दोनों सब इंस्पेक्टर जासूसी कर रहे थे। संभव है कि चंपाई सोरेन का फोट टैप भी हुआ है। दोनों फ्लाइट में चंपाई सोरेन के साथ यहां आए और चंपाई जहां ठहरे थे उसके पास ही होटल लेकर रह रहे थे। चंपाई सोरेन को कई बार एहसास हुआ कि कोई उनका पीछा कर रहा है। उनकी तस्वीर ले रहा है। चंपाई सोरेन ने भी इस मामले में शिकायत दर्ज कराई है।

#### प्राइवेसी को पूरी तरह खत्म करने की साजिश

हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि यह एक गलत परंपरा है। यह एक बड़ा मुद्दा है। प्राइवेसी को पूरी तरह खत्म करने की कोशिश है। दोनों व्यक्ति इस वक्त चाणक्यपुरी थाने में है। यह संवैधानिक भारत में नहीं हुआ। मेरा संदेश है कि फोन टैप भी हुआ होगा, अगर किसी ने पूरी फंडिंग की है, फ्लाइट में आने के लिए फंडिग की है। होटल में ठहरने के लिए फंडिग की है तो यह कितना बड़ा मामला है आफ समझ सकते हैं। 30 अगस्त को रांची में राज्यपाल से मिलकर इस मामले से अवगत कराया जाएगा।

## चरखी दादरी के वकील का कंगना को लीगल नोटिस : 7 दिन के अंदर माफी मांगने को कहा; कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी

बढ़ता राजस्थान

**चरखी दादरी (एजेंसी)।** चरखी दादरी कोर्ट से वकील ने भाजपा सांसद कंगना रनोट को किसान आंदोलन को लेकर उनकी टिप्पणी पर लीगल नोटिस भेजा है। उन्होंने 7 दिन के दौरान सार्वजनिक तौर माफी मांगने और ऐसा नहीं करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

भाजपा सांसद को भेजे नोटिस ने वकील सुखवंत ने बताया कि वे पेशे से वकील है और उसका जन्म एक किसान परिवार में हुआ है। उनका पालन-पोषण और शिक्षा किसान परिवार में हुई है और मैं किसानों और उनके व्यवसाय से भावनात्मक रूप से जुड़े हुए हैं। उनके पूर्वज भी पूरी तरह से खेती में लगे हुए थे और कृषक थे। कंगना को भेजे नोटिस में उसने आगे लिखा है कि 26 अगस्त को उसने एक समाचार पत्र में पढ़ा था, जिसमें बयान था कि किसान आंदोलन दौरान बलात्कार हुए थे और शव इधर-उधर लटके हुए थे।

बाद में एक प्रश्न के उत्तर में आपने कहा कि किसान आंदोलन की योजना दिल्ली में अराजकता फैलाने की थी जैसा कि हाल ही में बांग्लादेश में हुआ था। लेकिन शीर्ष नेतृत्व ने किसान बिल वापस लेकर इसे बेअसर कर दिया था। आपने स्पष्ट रूप से विरोध करने वाले किसानों का नाम लेकर उन्हें बलात्कारी, हत्यारा और देश हित के खिलाफ बताया है। साथ ही उन्होंने समाचार पत्र में छपे लेख की कॉपी भी नोटिस के साथ भेजी।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित

# किसानों को निर्बाध बिजली देने के लिए 11 केवी फीडर सेग्रेगेशन के कार्यों को मंजूरी

### 3 हजार मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाओं से मिलेगी विद्युत तंत्र को मजबूती, आरजीएचएस का दायरा बढ़ा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित की गई राज्य मंत्रिमण्डल की बैठक में कर्मचारी कल्याण, कृषक हित, विद्युत तंत्र के सुदृढ़ीकरण, रेल परिवहन के विकास सहित कई महत्वपूर्ण फैसले किए गए। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा एवं संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए मंत्रिमंडल में लिए गए निर्णयों की जानकारी दी।

#### राजस्थान सिविल सेवा नियम, 2013 में संशोधन

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने बताया कि राज्य कार्मिकों के हित में उनकी ग्रेच्युटी एवं डेथ ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा 20 लाख रुपये से बढ़ाते हुए 25 लाख करने को मंजूरी दी गई है। उन्होंने बताया कि अब पुरुष एवं महिला कार्मिकों को सीजीएचएस की तर्ज पर अब आरजीएचएस में भी चिकित्सा सुविधा के लिए माता-पिता या अपने सास-ससुर में से किसी एक को सम्मिलित करने का विकल्प मिलेगा, बशर्ते माता-पिता या सास-ससुर आश्रित होने के साथ पुरुष अथवा महिला कार्मिक के साथ निवास करते हों। इस संबंध में बजट वर्ष 2024-25 की घोषणा की क्रियान्विति करते हुए राजस्थान सिविल सेवा (चिकित्सा परिचर्या) नियम, 2013 के नियम 3(9) में संशोधन किया जाएगा।

#### केंद्रीय कार्मिकों की तर्ज पर 10 वर्षों तक बढ़ी हुई दर से पारिवारिक पेंशन का लाभ

डॉ. बैरवा ने बताया कि कार्मिक की सेवा में रहते हुए मृत्यु होने पर अब आश्रित को केंद्रीय कार्मिकों की तरह ही 10 वर्षों तक बढ़ी हुई दर से पारिवारिक पेंशन का लाभ मिल सकेगा। इन प्रावधानों के लिए राजस्थान सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1996 के नियम 55 एवं 62 में संशोधन की अधिसूचना 1 अप्रेल, 2024 से प्रभावी होगी। एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए राजस्थान जिला न्यायालय लिपिक वर्गीय स्थापन नियम 1986 के नियम 14 ए एवं 20 के उपनियम 4 और राजस्थान अधीनस्थ न्यायालय (चालक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी) सेवा नियम, 2017 के नियम 18 के उपनियम 4 एवं नियम 30 में संशोधन का अनुमोदन किया गया है। इन संशोधनों से न्यायालयों के उन लिपिकवर्गीय कार्मिकों, चालकों एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को राहत मिलेगी जो दो से अधिक संतान होने के कारण पदोन्नति से वंचित हो गए थे। अब उनकी पदोन्नति के लिए उस तारीख से विचार किया जा सकेगा, जिससे उनकी पदोन्नति देय हो गई थी और उन्हें नोशनल वेतनवृद्धि दी जा सकेगी।

#### 7896 करोड़ रुपये की लागत से होंगे 11 केवी फीडर सेग्रेगेशन के कार्य-

श्री पटेल ने बताया कि मंत्रिमंडल की बैठक में रिवेम्प्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के अंतर्गत कृषि फीडर्स के 11 केवी फीडर पृथक्करण (सेग्रेगेशन) की क्रियान्विति को मंजूरी प्रदान की गई। इस योजना में लगभग 7 हजार 896 करोड़ रुपए की लागत से 11 केवी फीडर सेग्रेगेशन के 7522 कार्य करवाए जाएंगे, जिसके लिए आरईसी लिमिटेड की ओर से स्वीकृति एक अप्रैल, 2024 को प्राप्त हो चुकी है। उन्होंने बताया कि जिन 33/11 केवी सबस्टेशन पर 11 केवी फीडर सेग्रेगेशन का कार्य किया जाएगा, वहां नए सोलर पावर प्लांट लगाने, मीटरिंग, बिलिंग और राजस्व संग्रहण के कार्य को भी फीडर सेग्रेगेशन में ही जोड़ा गया है। यह कार्य हाइब्रिड एन्युइटी मॉडल पर किया जाएगा, जिससे नए स्थापित होने वाले सौर ऊर्जा संयंत्रों का स्थानीय स्तर पर उपयोग सुनिश्चित हो सकेगा और कृषि उपभोक्ताओं को दिन के समय बिजली दी जा सकेगी। उन्होंने बताया कि फीडर सेग्रेगेशन से भविष्य में ट्रांसमिशन प्रणाली के सुदृढीकरण पर होने वाले खर्च में कमी आएगी और तकनीकी वितरण छीजत में भी कमी होगी।

## उदयपुर में बीजेपी प्रदेश प्रभारी की कार पर फेंकी स्याही

### यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने काले झंडे दिखाए, बोले- जहां जाएंगे, वहां विरोध करेंगे



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** उदयपुर में भाजपा के प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल की कार पर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने स्याही फेंकी। काले झंडे दिखाए। राधा मोहन मंगलवार रात करीब 8 बजे महाराणा प्रताप इंटरनेशनल एयरपोर्ट से बाहर निकले थे। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एयरपोर्ट के बाहर राधा मोहन की गाड़ी को रोक लिया। उनकी कार के सामने बैठ गए और नारेबाजी करने लगे। यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक अभिमन्यु पूनिया ने कहा है- जब तक राधा मोहन कांग्रेस के नेताओं को लेकर दिए गए बयानों के लिए माफी नहीं मांगेंगे। तब तक वे जहां-जहां जाएंगे, हम उनका विरोध करेंगे। दरअसल, सलूंबर विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव को लेकर बुधवार को संगठनात्मक बैठक है। इसके लिए राधा मोहन उदयपुर पहुंचे थे। सलूंबर के बाद गुरुवार को राधा मोहन बांसवाड़ा की चौरासी सीट पर उपचुनाव को लेकर बैठक करेंगे।

#### जयपुर में बीजेपी ऑफिस के बाहर स्याही फेंकी

बीजेपी प्रदेश प्रभारी के बयानों के विरोध में यूथ कांग्रेस लगातार प्रदर्शन कर रही है। मंगलवार सुबह यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने प्रदेशभर में राधा मोहन का पुतला फूंककर विरोध जताया।

## अरुणाचल में ऑपरेशन के दौरान सेना के 3 जवान शहीद

### इसमें एक राजस्थान के बाड़मेर से, खाई में गिरा ट्रक; चार घायल

बढ़ता राजस्थान



Hav Nakhat Singh | Nk Mukesh Kumar | Gdr Ashish

**बाड़मेर।** ऑपरेशन अलर्ट के दौरान सेना का ट्रक खाई में गिर गया, जिससे तीन जवान शहीद हो गए। चार अन्य घायल हो गए। शहीदों में एक जवान बाड़मेर (राजस्थान) जिले का रहने वाला था। हादसा 27 अगस्त को अरुणाचल प्रदेश के अपर सुबनसिरी जिले के लिमीकिंग से करीब 15 किलोमीटर दूर बोरारूपक के पास हुआ था। उधर, शोक में बाड़मेर के हरसाणी गांव का बाजार पूरी तरह बंद है।

#### 2010 में सेना में भर्ती हुए थे

बाड़मेर जिला मुख्यालय से करीब 95 किमी दूर हरसाणी गांव के रहने वाले हवलदार नखत सिंह (34) साल 2010 में सेना में भर्ती हुए थे। नखत सिंह के चचेरे भाई महेंद्र ने बताया कि नखत सिंह 19 ग्रेनेडियर यूनिट में तैनात थे। अरुणाचल प्रदेश में यूनिट बीते 2 साल से अधिक समय से तैनात थी। हादसे की सूचना मंगलवार को मिली। सेना के किसी अधिकारी ने नखत सिंह के चाचा से फोन पर बात की थी। फिलहाल पत्नी और बच्चों को इसकी जानकारी नहीं दी गई है।

#### जवान के दो बच्चे हैं

महेंद्र (नखत सिंह के चचेरे भाई) ने बताया- नखत सिंह सहित 6 भाई और एक बहन थे। इनके पिता का स्वर्गवास करीब 5 साल पहले हो गया था। भाई खेतीबाड़ी करते हैं। पत्नी विजय लक्ष्मी (31) गृहिणी हैं। इनके 2 बच्चे हैं। बेटा शौर्य 7 साल का और बेटी निकू 3 साल की है। साल 2015 में नखत सिंह की शादी हुई थी।

#### डिब्रूगढ़ एयरबेस से दिल्ली लाई जाएगी पार्थिव देह

नखत सिंह की पार्थिव देह गुरुवार (29 अगस्त) की सुबह 11 बजे बाड़मेर लाई जाएगी। असम के डिब्रूगढ़ एयरबेस से हेलिकॉप्टर में रखकर पार्थिव देह को पहले दिल्ली लाया जाएगा। दिल्ली से उनके पैतृक गांव लाई जाएगी।

#### बीजेपी प्रदेश महामंत्री बोले- डोटासरा के गुर्गों ने भगवान कृष्ण के पोस्टर पर स्याही फेंकी

इस घटना के बाद बीजेपी के प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने कहा- कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के इशारे पर आए कांग्रेसी गुर्गों ने नारेबाजी करते हुए जिस तरह भगवान श्रीकृष्ण के चित्र पर स्याही फेंकी है। यह डोटासरा के शर्मनाक बयान के आगे की कड़ी है। जिसमें उन्होंने भगवान कृष्ण पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा- डोटासरा ने पहले हिंदुओं के आराध्य भगवान कृष्ण पर शर्मनाक टिप्पणी की। फिर अपने गुर्गों के माध्यम से स्याही फेंकना यह दिखाता है कि डोटासरा के पास सनातन को अपमानित करने की पर्ची कांग्रेस आलाकमान से आई है।


#### नेहरू-राजीव पर किया था कमेंट

बीजेपी के प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल कांग्रेस नेताओं को लेकर लगातार बयान दे रहे हैं। 23 अगस्त को टोंक जिले में संगठनात्मक बैठक के बाद राधा मोहन ने कहा था- कांग्रेस का दंगों का इतिहास रहा है। नेहरू लाशों पर बैठकर प्रधानमंत्री बने थे। उन्हें कुर्सी की भूख थी। राजीव गांधी ने दंगों की राजनीति की। साल 1984 के सिख दंगों में राजीव गांधी ने षड्यंत्र किया था।

## क्या ईडी अफसरों की जवाबदेही बीजेपी के प्रति है : गहलोत

### कहा- एनडीए सरकार ने केवल विपक्षी नेताओं को जेल में डालने ईडी का दुरुपयोग किया

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने केंद्र सरकार पर जांच एजेंसियों का दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए तंज कसा है। गहलोत ने सोशल मीडिया पर बयान जारी कर कहा कि केंद्र सरकार ने विपक्षी नेताओं को जेल में डालने और उनकी छवि खराब करने के लिए ईडी का दुरूपयोग किया।

गहलोत ने कहा- ईडी ने हमारी नेता सोनिया गांधी, कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से लंबी पूछताछ कर उनकी छवि खराब करने का प्रयास किया लेकिन ईमानदारी और सत्य के सामने ईडी को झुकना ही पड़ा। हेमंत सोरेन, संजय राउत, संजय सिंह, के कविता समेत तमाम ऐसे विपक्षी राजनीतिक दलों के नेता हैं। जिन्हें अदालत ने जमानत देते हुए ईडी को फटकार लगाई। कुछ नेताओं की तो गिरफ्तारी को अवैध बताया गया तो कुछ को जेल में रखने की मंशा को गलत माना गया और श्रेष्ठ को निष्पक्षता से काम करने की हिदायत भी दी।

#### गहलोत बोले-नेताओं को जेल डालकर साख खराब की

गहलोत ने कहा- यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन नेताओं को केवल जमानत के लिए भी सुप्रीम कोर्ट तक जाना पड़ा जबकि सुप्रीम कोर्ट का प्राथमिक काम जमानत देना नहीं है। यह दिखाता है कि कैसे केंद्र की NDA सरकार ने ईडी का दुरुपयोग केवल विपक्षी नेताओं को जेल में डालकर राजनीतिक प्रक्रिया को बाधित करने और विपक्षी नेताओं की साख खराब करने के लिए किया है।

#### प्रीमियर एजेंसियों को अपनी छवि का ख्याल रखना चाहिए

गहलोत ने कहा- ED के अधिकारियों को सोचना चाहिए कि उनकी जवाबदेही भारत के संविधान और उनकी सैलरी के लिए टैक्स देने वाली जनता के प्रति है या केवल भाजपा के नेताओं के प्रति है। देश में सरकारें तो आती-जाती रहेंगी पर इन प्रीमियर एजेंसियों को अपनी छवि का ख्याल रखना चाहिए। गहलोत ने कहा- हमारी सरकार के समय राजस्थान के हेल्थ मॉडल की देशभर में चर्चा थी।आज भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री के गृह जिले भरतपुर के ये हाल हैं कि सरकारी अस्पताल में एक महीने से डायलिसिस मशीन खराब है,जिसके कारण मरीज परेशान घूम रहे हैं। बाकी जिलों की स्थिति का अंदाजा आप स्वयं लगा सकते हैं।



## सम्पादकीय

### देर रात सड़कों पर गाड़ियां नहीं यमदूत चल रहे हैं, खतरे में हैं फुटपाथों पर सोने वाले लोगों की जिंदगियां

महानगरों की सबसे बड़ी मुश्किल यह है कि वे हर आदमी को ठिकाना मयस्सर नहीं करा पाते। वहां लोगों को गुजारे का कोई जरिया भले मिल जाए, पर हर किसी को सिर पर छत नसीब नहीं हो पाती। लाखों लोग दिन भर दिहाड़ी करके, रिक्शा-रेहड़ी-ठेला खींच कर या भीख मांग कर किसी तरह गुजारे भर की आमद तो कर लेते हैं, पर रात गुजारने के लिए उन्हें फुटपाथों पर खुले आसमान या उपरिगामी पुलों के नीचे, खाली बंद दुकानों के बाहर कोई जगह तलाशनी पड़ती है। इस तरह इन्हें मौसम की मार तो झेलनी ही पड़ती है, अक्सर तेज रफ्तार वाहनों के नीचे आकर दम तोड़ देने या अपंग होने का खतरा भी बना रहता है। दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में फुटपाथ पर सो रहे लोगों के ऊपर एक बेकाबू ट्रक के चढ़ जाने की घटना इसकी ताजा कड़ी है। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो को गंभीर स्थिति में भर्ती कराना पड़ा। ऐसे हादसों की खबरें कुछ-कुछ समय पर हर महानगर से मिल जाती हैं। हर घटना के बाद सवाल उठता है कि आखिर इस तरह सड़कों के किनारे, फुटपाथों पर सोने वालों के लिए कोई सुरक्षित इंतजाम क्यों नहीं किया जाता।

हालांकि अनियंत्रित वाहनों के सड़कों के बीच की जगहों और फुटपाथों पर चढ़ने से रोकने की गरज से बहुत सारी जगहों पर लोहे की मजबूत बाड़ लगाई जाती है, मगर बहुत सारी जगहों पर ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई आदि शहरों में सड़कों पर रात में भी आवाजाही लगी रहती है। रात के वक्त शहरों की सड़कें खासकर माल ढुलाई वाले वाहनों के लिए खोल दी जाती हैं। इसके अलावा, बहुत सारे युवा देर रात को शराब पीकर वाहन दौड़ाना अपनी शान समझते हैं। वाहनों के अनियंत्रित होकर फुटपाथों पर चढ़ जाने की घटनाएं अक्सर शराब के नशे में गाड़ी चलाने की वजह से होती पाई गई हैं। हालांकि दिल्ली में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाती है, इसके बावजूद बहुत सारे वाहन चालकों की मनमानी पर लगाम लगाना कठिन बना हुआ है। देर रात को उनकी मनमानी और बढ़ जाती है। इससे यातायात व्यवस्था पर तो प्रश्नचिह्न लगता ही है, रोजी-रोजगार की तलाश में हर वर्ष लाखों की संख्या में आने वाले लोगों के लिए रहने की व्यवस्था पर भी गंभीरता से विचार की जरूरत रेखांकित होती है। अनेक मौकों पर यह बात कही जाती रही है कि बढ़ते पलायन और महानगरों पर उसके बढ़ते बोझ की वजह से सरकारों के लिए बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराना चुनौती है। इसके समाधान की दिशा में गंभीरता से सोचने की जरूरत है। मगर न तो सरकारों ने रोजी-रोजगार के साधनों के विकेंद्रीकरण पर गंभीरता से विचार किया, न महानगरों में सबके रहने के ठिकाने उपलब्ध कराने की व्यावहारिक पहल हो पाई। दिल्ली में रैन बसरे बनाए तो गए, मगर उनकी क्षमता इतनी नहीं है कि लोगों को फुटपाथों पर सोने को मजबूर न होना पड़े। उनमें भी जरूरी सुविधाओं के अभाव की शिकायतें आती रहती हैं। दरअसल, महानगरों में बेआसरा लोगों के बारे में कोई व्यावहारिक नीति बनाने के बारे में सोचा ही नहीं गया। अगर जगह-जगह, थोड़े शुल्क के साथ भी, धर्मशाला जैसी रात गुजारने की जगहें बना दी जाएं।

# छत्रपति प्रतिमा का ढहना शासन-तंत्र की भ्रष्टता का प्रमाण

**सिंधु दुर्ग में शिवाजी महाराज की इस प्रतिमा के गिर जाने से महाराष्ट्र की राजनीति में उबाल आना स्वाभाविक है, इससे लोगों का आहत होना भी उचित हैं। क्योंकि छत्रपति शिवाजी महाराज महाराष्ट्र के महानायक एवं जन-जन की आस्था के केन्द्र हैं। वे महाराष्ट्र के जीवन का अभिन्न अंग हैं एवं वहां की राजनीति उनके नाम के इर्द-गिर्द घूमती है। महाराष्ट्र ही नहीं सम्पूर्ण देश में शिवाजी महाराज के प्रशंसक हैं। मराठों के अस्तित्व एवं अस्मिता के वे प्राण रहे हैं, मराठों को उन्होंने ने ही लड़ना सिखाया, उनके जीवन को उन्नत बनाया। उन्होंने बिना किसी भेदभाव के महाराष्ट्र की सभी जातियों को एक भगवा झंडे के नीचे एकत्रित किया और मराठा साम्राज्य की स्थापना की। शिवाजी ने अपने राज्य-शासन में मानवीय नीतियां अपनाई थी जो किसी धर्म पर आधारित नहीं थी।**

ललित गर्ग





मराठा पहचान और परम्परा के प्रतीक पुरुष, प्रथम हिन्दू नेता छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हाल ही में की गयी 35 फीट ऊंची प्रतिमा का थरथरा कर गिर जाना राष्ट्रीय शर्म एवं प्रशासनिक भ्रष्टाचार का दुःखद अध्याय है। इस तरह हमारे एक महानायक की महान स्मृतियों से जुड़ी इस प्रतिमा का गिरना एवं ध्वस्त होना सरकार में गहरे पैठ चुके भ्रष्टाचार, लापरवाही एवं रिश्वतखोरी को उजागर करता है। आजादी के अमृत-काल में पहुंचने के बाद भी भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, बेईमानी हमारी व्यवस्था में जिस तीव्रता से व्याप्त है, उसका यह एक ज्वलंत उदाहरण है, जो सरकार की साख को धुंधला रही है, यह घटना भारतीय नौसेना की साख को भी बट्टा लगा रही है, यह घटना इसलिए भी गंभीर चिंता की बात है कि इससे हमारे सार्वजनिक निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की कलई खुल गई है। गौर कीजिए, इस प्रतिमा के निर्माण पर करीब 3,600 करोड़ रुपये की लागत आई थी और इसी 4 दिसंबर को नौसेना दिवस पर इसका अनावरण किया गया था। महाराष्ट्र क्योंकि उनकी जन्मस्थली ही नहीं कर्मस्थली भी रहा इसलिए महाराष्ट्र की आबोहवा में वे आज भी जीवंत हैं। ऐसे महानायक की प्रतिमा के गिर जाने के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में तूफान खड़ा हो गया है। मूर्ति का निर्माण और डिजाइन नौसेना ने तैयार किया था। कहा तो यही जा रहा है कि 45 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हवाओं के कारण प्रतिमा टूटकर गिर गई। छत्रपति शिवाजी के महाराष्ट्र और मराठा संस्कृति के ही नहीं, बल्कि भारतीयता के प्रतीक एवं प्रेरणा पुरुष हैं। आम मराठी भावनात्मक रूप से उनसे जुड़ा है। ऐसे में, इस मूर्ति का ढहना राज्य की एकनाथ शिंदे सरकार एवं भारतीय नौसेना की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करती है। चंद महीने बाद ही राज्य में विधानसभा चुनाव होने के कारण यह एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनना निश्चित है। एक मजबूत विपक्षी पार्टी शिव सेना की पूरी राजनीति शिवाजी के शौर्य व आत्म-गौरव से प्रेरित है, एनसीपी शरद पवार, कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों ने एकनाथ शिंदे सरकार को निशाना बनाना शुरू कर दिया है और आरोप लगाया है कि छत्रपति शिवाजी का स्मारक चुनावों को देखते हुए जल्दबाजी में बनाया गया था और इस काम में गुणवत्ता को पूरी तरह से अनदेखा किया गया। प्रतिमा का ढह जाना छत्रपति शिवाजी का अपमान तो है ही और यह जाहिर है कि इसका काम घटिया गुणवत्ता का था। इसीलिये घटना को शिवाजी के अपमान के रूप में पेश किया जाने लगा है। चुनाव की सरगर्मियों के बीच शिवाजी की प्रतिमा का मुद्दा चर्चा में आ गया है। इस मुद्दे को वोट जुटाने के लिए असरदार हथियार के रूप में जरूर इस्तेमान किया जायेगा। लेकिन मूल प्रश्न है ऐसे भ्रष्टाचार को रोकने की दिशा में कब सार्थक प्रयास होंगे? राज्य की एकनाथ शिंदे सरकार को इस मामले में त्वरित कार्रवाई करके दोषियों को कड़ी सजा दिलानी चाहिए, ताकि न सिर्फ विपक्ष के आरोपों की धार को निस्तेज किया जा सके, बल्कि सार्वजनिक निर्माण में किसी किस्म की लापरवाही या उदासीनता बरतने वालों को भी यह संदेश मिल सके कि वे बख्शे नहीं जाएंगे।

यह पहली घटना नहीं है, जिसमें किसी बड़ी निर्माण योजना की कमी इस तरह की भ्रष्ट एवं लापरवाही के रूप में उजागर हुई है। हमारे सार्वजनिक निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बार-बार तार-तार होती रही है। मई 2023 में उज्जैन के महालोक कोरिडोर में लगी सप्तऋषियों की मूर्तियां भी इसी तरह आंधी-तूफान में धराशायी हो गई थीं। अयोध्या में भी सड़के ध्वस्त हो गयी थी। बिहार में एक पखवाड़े के भीतर लगभग एक दर्जन छोटे-बड़े पुलों के ध्वस्त होने की घटनाएं हैरान करने के साथ-साथ चिंतित करने वाली बनी हैं। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर टर्मिनल-1 पर छत गिरने की घटना से भी हर कोई हैरान हुआ है। मुंबई में घाटकोपर का होर्डिंग गिरना 14 लोगों की मौत का कारण बना था। कहीं नई बनी सड़कें धंस हो जाती हैं तो कहीं नई सरकारी इमारतों में दरारे पड़ जाती है। इन मूर्तियों, पुलों, सड़कों एवं सार्वजनिक निर्माण के अन्य सरकारी निर्माणों के ध्वस्त होने की घटनाओं ने एक बार फिर यही साबित किया है कि निर्माण कार्यों में फैले व्यापक भ्रष्टाचार और शासन तंत्र में बैठे लोगों की मिलीभगत के बीच ईमानदारी, नैतिकता, जिम्मेदारी या संवेदनशीलता जैसी बातों की जगह नहीं है। आज हमारी व्यवस्था चरमरा गई है, दोषग्रस्त हो गई है। उसमें दुराग्रही इतना तेज चलते हैं कि ईमानदारी बहुत पीछे रह जाती है। जो सद्प्रयास किए जा रहे हैं, वे निष्फल हो रहे हैं। प्रतिमाएं हो या पुल-इनके गिरने से जितने पैसों की बर्बादी होती है, उसकी भरपाई आखिर किससे कराई जाएगी? जाहिर है, इनकी वजहों को समझने के लिए किसी मजबूत, पारदर्शी एवं निष्पक्ष तंत्र की जरूरत है। निर्माण सामग्रियों की गुणवत्ता से समझौता और राजनीतिक दबाव में जल्द से जल्द कार्य पूरा करने की प्रवृत्ति ने ऐसी दुर्घटनाओं की गति एवं मात्रा बढ़ाई है। इसके लिए समूचे तंत्र को अपनी कार्य-संस्कृति पर भी गौर करने की जरूरत है। शिवाजी की प्रतिमा के तेज हवा में यूं ढह जाने से हमें सबक सीखने की जरूरत है। सवाल है कि जब सरकार किसी कंपनी को ऐसे राष्ट्रीय महत्व के निर्माण की जिम्मेदारी सौंपती हैं, उससे पहले क्या गुणवत्ता की कसौटी पर पूरी निर्माण योजना, डिजाइन, प्रक्रिया, सामग्री, समय-सीमा और संपूर्णता को सुनिश्चित किया जाना जरूरी समझा जाता? देश में भ्रष्टाचार सर्वत्र व्याप्त है, विशेषत: राजनीतिक एवं प्रशासनिक भ्रष्टाचार ने देश के विकास को अवरूद्ध कर रखा है। यही कारण है कि पुल या दूसरे निर्माण-कार्यों के लिए रखे गए बजट का बड़ा हिस्सा कमीशन-रिश्वतखोरी की भेंट चढ़ जाता है। इसका सीधा असर निर्माण की गुणवत्ता पर पड़ता है। निर्माण घटिया होगा तो फिर उसके धराशायी होने की आशंका भी बनी रहती है। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर निगरानी रखने की पारदर्शी नीति नियामक केन्द्र बनाने के साथ उस पर अमल भी जरूरी है। विकसित देशों में भी ऐसे हादसे होते हैं, लेकिन अंतर यह है कि भारत में ऐसे हादसों से सबक नहीं लिया जाता। यह प्रवृत्ति दुर्भाग्यपूर्ण है। विडम्बना देखिये कि ऐसे भ्रष्ट शिखरों को बचाने के लिये सरकार कितने सारे झूठ का सहारा लेती है।

रणनीति में सभी अपने को चाणक्य बताने का प्रयास करते हैं पर चन्द्रगुप्त किसी के पास नहीं है। घोटालों और भ्रष्टाचार के लिए हल्ला उनके लिए राजनैतिक मुद्दा होता है, कोई नैतिक आग्रह नहीं। कारण अपने गिरेबार में तो सभी झांकते हैं वहां सभी को अपनी कमीज दागी नजर आती है, फिर भला भ्रष्टाचार से कौन निजात दिरायेगा? ऐसी व्यवस्था कब कायम होगी कि जिसे कोई रिश्वत छू नहीं सके, जिसको कोई सिफारिश प्रभावित नहीं कर सके और जिसकी कोई कीमत नहीं लगा सके। ईमानदारी अभिनय करके नहीं बताई जा सकती, उसे जीना पड़ता है कथनी और करनी की समानता के स्तर तक। आवश्यकता है, राजनीति के क्षेत्र में जब हम जन मुखातिब हों तो प्रामाणिकता का बिल्ला हमारे सीने पर हो। उसे घर पर रखकर न आएं। राजनीति के क्षेत्र में हमारा कुर्ता कबीर की चादर हो। तभी इन मूर्तियों, पुलों, निर्माण कार्यों का भर-भराकर गिरना बन्द होगा।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
संतान पक्ष से अच्छे समाचार मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों से आपको लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आप आज हर काम सरलता से पूरे कर पाएंगे।

### वृष
नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे। आपकी पदोन्नति के योग हैं। अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण बात पर चर्चा होगा। परिजनों के साथ खुले मन से बातचीत होगी। घर के डेकोरेशन पर कुछ खर्च हो सकता है।

### मिथुन
आपका शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। जरूरी कामों पर धन खर्च होगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। दफ्तर में सहकर्मियों का अच्छा साथ मिलेगा।

### कर्क
हेल्थ का ध्यान रखने और खासकर बाहर के खाने-पीने से परहेज करने की सलाह आपको दी जाती है। आज आपमें क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए वाणी में गुस्सा ना रखें। परिजनों से उग्र चर्चा के कारण मनमुटाव न हो। महिलाओं के मायके से समाचार आने के योग हैं।

### सिंह
स्वजनों एवं परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा खर्च अधिक होगा और ज्यादा परिश्रम के बाद ही सफलता मिलेगी। दुर्घटना हो सकती है, सावधान रहें। आज आपका दिन बहुत लाभदायी है।

### कन्या
आज धन का व्यय अधिक होगा। आज नियम विरुद्ध कामों से दूर रहें। आज आपका दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। रोमांस के लिए आज का दिन अच्छा है और किसी खास व्यक्ति का साथ आपको आनंद देगा। धन लाभ होगा और अधूरे काम पूरे हो सकते हैं।

### तुला
आप तन-मन से स्वस्थ होकर कई तरह के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे। सफलता मिलने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम बढ़ेगी। परिजनों के साथ आनंद एवं उल्लास से समय गुजरेगा।

### वृश्चिक
बाहर जाना हो सकता है। माता के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। सरकारी लाभ होगा एवं स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। पहले से निर्धारित काम के लिए आपका प्रयास ज्यादा रहेगा।

### धनु
माता से लाभ होने के संकेत आपको मिल रहे हैं। मित्र और संबंधियों से घर का वातावरण अच्छा रहेगा। आज अचानक होने वाली घटनाओं से आप चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य खराब होने और आंखों में दर्द होने की आशंका बनी रहेगी।

### मकर
मित्र एवं प्रियजन आपके प्रवास को आनंद से भर देंगे। नए वस्त्रों की खरीदी के योग हैं। तन-मन की तंदुरस्ती अच्छी रहेगी। अच्छे भोजन एवं वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज आप के घर में सुख शांति और आनंद का माहौल रहेगा।

### कुंभ
आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कामों में व्यस्त रहने की संभावना ज्यादा रहेगी। आप में आज क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए आप सावधान ही रहें। संतान एवं व्यापार की परेशानियों के कारण आपका मन अशांत रहेगा।

### मीन
अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। मित्रों से अचानक हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। मित्रों से लाभ होगा। आज आपको अच्छा खाना नसीब होगा। मित्रों से लाभ होगा। आपका व्यवहार न्यायपूर्ण रहेगा।

## शख्सियत

**हमारे कार्य करने का तरीका कुछ ऐसा हो जिसमें दिखावे से परे सच में कार्य नजर आए । ईश्वर ने हमें इस लायक इसलिए ही बनाया है कि हम परिवेदनाओं के अंतिम छोर तक जाकर लोगों की मदद कर सकें........**

नमस्कार दोस्तों हमारे आज शख्सियत कॉलम की चमकती हुई सितारा हैं आईएएस श्रीमती आनन्दी। इनका जन्म 1 मार्च सन 1982 को तमिलनाडु में हुआ। इनकी योग्यता बी.ए। ऑनर्स (समाजशास्त्र) एलएलबी (कानून) एम.ए (अर्थशास्त्र) से की है। वर्तमान में ये शासन सचिव, खान एवं पेट्रोलियम विभाग, राजस्थान के पद को सुशोभित कर रही हैं। ये विभिन्न बड़े पदों व बड़े जिलों में जिलाधिकारी के पद पर रही हैं बेहतरीन कार्यकुशलता इनके जीवन के अनुभव व पारिवारिक पृष्ठभूमि को इंगित करते हैं। ये सचिव शासन सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान, जयपुर। उप निदेशक, एलबीएसएनए मसूरी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अलवर। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, उदयपुर। संयुक्त शासन सचिव, वित्त कराधान विभाग, जयपुर। आयुक्त, स्कूल शिक्षा एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद सह विशेष सचिव, राजस्थान सरकार, जयपुर। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट राजसमंद। निदेशक, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान, जयपुर। निदेशक, ओरिएंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट, जोधपुर। रजिस्ट्रार, सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा एवं आपराधिक न्याय विश्वविद्यालय, जोधपुर।कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, सवाईमाधोपुर। कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, बूंदी। प्रबंध निदेशक, राजफैड, जयपुर। आयुक्त,जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषदए जोधपुर। उपखण्ड अधिकारी, जोधपुर।लेसना, मसूरी में प्रशिक्षणाधीन रही हैं। बेहतरीन व्यक्तित्व और कार्य के प्रति निष्ठा का भाव ही इन्हे आनन्दी बनाता है। एक दम सरल व सहज जीवन शैली और अपने कर्तव्य के प्रति अनुशासन इनकी शख्सियत का एक बड़ा हिस्सा है। अलवर व उदयपुर जिला कलक्टर के दौरान इनके द्वारा किए गए कार्य मील का पत्थर साबित हुए। अलवर जिला कलक्टर पद पर रहते हुए इन्होंने कोविड़ महामारी जैसी बड़ी घटनाओं पर लोगों को जहां जागरूक किया वहीं अधिक से अधिक जॉच करा बीमारी के संक्रमण पर रोक लगवाई। ये सच में साधुवाद की पात्र रही हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

**जय हिन्द**



आनन्दी
( वरिष्ठ आईएएस अधिकारी )

## आज का इतिहास

- 1612 - सूरत की लड़ाई में अंग्रेजों ने पुर्तग़ालियों को हराया,
- 1833 - ब्रिटिश दास उन्मूलन अधिनियम ने कानून का रूप लिया।
- 1842 -
- ग्रेट ब्रिटेन और चीन ने नानकिंग की संधि पर हस्ताक्षर किये।
- अफ़ीम युद्ध समाप्त।
- 1914 - न्यूजीलैंड सैनिकों ने जर्मन समोआ पर क़ब्ज़ा किया।
- 1916 - अमेरिकी कांग्रेस ने जोन्स अधिनियम को स्वीकृति प्रदान की- फिलीपींस को मिली स्वतंत्रता।
- 1932 - नीदरलैंड की राजधानी एम्स्टर्डम में अंतर्राष्ट्रीय युद्ध-विरोधी समिति का गठन।
- 1941 - रूस में जर्मन इंस्तजकमांडो ने 1469 यहूदी बच्चों की हत्या की।
- 1945 - ब्रिटिश ने हांगकांग को जापान से मुक्त कराया।
- 1957 - कांग्रेस ने नागरिक अधिकार अधिनियम, 1957 पारित किया।
- 1974 - चौधरी चरण सिंह की अध्यक्षता में लोकदल पार्टी स्थापना।
- 1987 - कर्नल राबुका ने फिजी को गणराज्य घोषित किया।
- 1996 - आर्कटिक द्वीप के स्पिट्सबर्गेन की पहाड़ी में वनुकोवो एयरलाइंस के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार सभी 141 लोगों की मौत।
- 1998 - पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित।
- 1999 - बांग्लादेश मुक्ति संघर्ष के दौरान टाइगर सिद्दीकी के नाम से मशहूर सांसद कादिर सिद्दीकी ने संसद की सदस्यता से इस्तीफ़ा दिया।
- 2000 - न्यूयार्क में चार दिवसीय विश्व शांति शिखर सम्मेलन शुरू।
- 2001 - पश्चिम एशिया में पुन- हिंसा भड़की, तीन फ़िलिस्तीनी मरे; जापान के एच-2 ए रॉकेट का सफल प्रक्षेपण।
- 2002 - पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ़ का नामांकन पत्र स्वीकार किया।
- 2003 - कोलंबिया अंतरिक्ष यान हादसे के लिए नासा की त्रुटिपूर्ण कार्य-संस्कृति को ज़िम्मेदार ठहराया गया।
- इराक के पवित्र शहर नजफ़ में हुए एक आत्मघाती हमले में शिया नेता सहित 75 लोग मारे गये।
- 2004 - एथेंस ओलम्पिक का समापन।
- 2008-तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बवाल से क्षुब्ध होकर टाटा मोटर्स ने सिंगुर में नैनों परियोजना स्थल से अपने कर्मचारी हटाए।
- झारखण्ड के नवनियुक्त मुख्यमंत्री शिबु सोरेन ने विधानसभा में अपना बहुमत साबित किया।
- 2012 - चीन में सिचुआन प्रांत के शियाओजियावान कोयला खदान में हुए विस्फोट से कम से कम 26 चीनी श्रमिकों की मौत हो गयी जबकि 21 लापता हो गये।

## विशेष आलेख

# आरक्षण खत्म करने की बात कौन करेगा?

अशोक मधुप




दलित और पिछड़े युवाओं के उत्थान के लिए लाया गया आरक्षण अब सत्ता में पहुंचने माध्यम बनता जा रहा है। अलग - अलग राज्य में राजनैतिक दल जहां आरक्षण को अपने हिसाब से अदल - बदल रहे हैं, वही प्राइवेट सैक्टर में भी आरक्षण लागू करने की कोशिश हो रही है। कुछ राज्यों ने अपने यहां ये आरक्षण लागू किया पर वहां के हाईकोर्ट ने उसे अवैध बताते हुए रोक लगा दी,पर ये कोशिश जगह-जगह जारी है। सर्वोच्च न्यायालय की सात न्यायधीश की संविधान पीठ आरक्षण में क्रीमीलेयर लागू करने की बात की तो विपक्ष ने राजनैतिक लाभ उठाने के लिए इसका विरोध शुरू कर दिया। हालाकि प्रधानमंत्र नरेंद्र मोदी आश्वस्त कर चुके हैं कि आरक्षण में क्रीमीलेयर लागू नही होगा ,इसके बावजूद आरक्षण समर्थक राजनैतिक दलों ने इसके विरूद्ध आंदोलनरत हैं। अभी वे भारत बंद का आह्वान कर ही चुके हैं। इससे पहले कर्नाटक में प्राइवेट नौकरी में स्थानीय के लिए शत प्रतिशत आरक्षण को लागू करने पर खड़ा हो गया। हालाकि प्रदेश कैबनेट में पांस किया गया ये कानून विरोध को देखते हुए ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है, पर खत्म नहीं किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा है कि अगली केबनेट की बैठक में इसपर फिर विचार होगा। हाल के लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के आते -आते प्रचार आरक्षण पर आकर सिमट गया। भाजपा नेता अपने भाषणों में दावा कर रहे है कि हम देश में मुस्लिम आरक्षण लागू नही होने देंगे ।खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी सभाओं में मुस्लिम आरक्षण पर चिंता जाहिर कर रहे हैं। वह कह रहे हैं कि सत्ता में आते ही इंडिया गठबंधन दलित और पिछडों का आरक्षण काटकर मुस्लिमों को दे देगा ।वे देश का विभाजन करवा देंगे ।इस पर कुछ बड़े नेता तो चुप्पी साधे है किंतु समाजवादी पार्टी के सांसद एसटी हसन ने एक बयान में कहा है कि इंडिया गठबधंन के सत्ता में आते ही संविधान में संशोधन कर मुस्लिमों को सरकारी सेवाओं में आरक्षण दिया जाएगा। देश को आजाद हुए 75 साल से ज्यादा हो गए ।आजादी के बाद दलित समाज को विकास की धारा में शामिल करने के लिए दस साल के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई थी ।आज ये आरक्षण राजनेताओं को सत्ता में पंहुचने का माध्यम नजर आने लगा है, वे इसे बढ़ाने की बात कर रहे हैं ।खत्म करने की नहीं। किसी को यह सोचने की फुरसत नही कि आरक्षण की मार से बचने के लिए देश के प्रतिभाशाली युवा आज विदेशों में जाकर शिक्षा ले रहे है। शिक्षा पूरी कर वहीं नौकरी या व्यवसाय कर चुने गए देश के विकास में योगदान कर रहे हैं ।भारत के बाहरर जाकर बसी भारत की मेधा से प्रभावित होते देश के विकास पर किसी को सोचने का समय नहीं ।

प्राइवेट सेक्टर की नौकरियों में आरक्षण को लेकर कर्नाटक सरकार ने यूटर्न ले लिया है। सरकार ने पहले सी और डी कैटेगरी की प्राइवेट नौकरियों में स्थानीय लोगों को आरक्षण देने की बात कही थी। फिलहाल, आरक्षण के उस फैसले पर रोक लगा दी गई है। कैबिनेट ने फैसला स्थगित कर दिया है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने प्राइवेट सेक्टर में कन्नड़ लोगों को 100 फीसदी आरक्षण देने को लेकर सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट की थी। अपनी इस पोस्ट में उन्होंने कहा, हम कन्नड़ समर्थक सरकार हैं ।सरकार के इस फैसले का चौतरफा विरोध होने पर इस पर रोक लगा दी गई। सरकार का कहना है कि इस बिल पर वह पुनर्विचार करेगी. देश में यह पहला ऐसा मामला नहीं है। कर्नाटक से पहले प्राइवेट सेक्टर में स्थानीय लोगों को आरक्षण देने के लिए आंध्र प्रदेश और हरियाणा में कोशिश की गई थी. वहीं, मध्य प्रदेश में भी सरकार ने ऐसा ही कहा था, लेकिन यह कोशिश रंग नहीं ला पाई थी। 2019 में आंध्र प्रदेश में पहली बार ऐसा कोई कानून बना था जहां 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को प्राइवेट नौकरियों में आरक्षण देने की बात कही गई थी। पर हाईकोर्ट ने इसे असंवैधानिक बताते हुए रद्द कर दिया था। फिलहाल, ये मामला सुप्रीम कोर्ट में है। महाराष्ट्र में 2019 में शिवसेना-कांग्रेस और एनसीपी के गठबंधन की सरकार बनने के बाद प्राइवेट नौकरियों में स्थानीयों को 80 प्रतिशत नौकरियां देने का प्रस्ताव लाया गया था। सरकार सरकार इसे विधानसभा में भी लाना चाहती थी। लेकिन इसे लाया नहीं गया ।कर्नाटक में कई बार प्राइवेट जॉब में कन्नड़ों के लिए आरक्षण तय करने की कोशिश हो चुकी है। सिद्धारमैया सरकार में ये तीसरी बार है जब ऐसी कोशिश हो रही है। इससे पहले 2014 और 2017 में भी सरकार कोशिश कर चुकी है। वहीं अक्टूबर 2020 में येदियुरप्पा की अगुवाई में बीजेपी सरकार ने प्राइवेट नौकरियों में ग्रुप सी और डी में 75 प्रतिशत आरक्षण स्थानीयों को देने का ऐलान किया था। हालांकि, ये लागू नहीं हो सका था। हरियाणा में 2020 में तब की मनोहर लाल खट्टर की सरकार ने प्राइवेट नौकरियों में स्थानीयों को 75 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए कानून पास किया था। हाईकोर्ट ने पिछले साल नवंबर में इस कानून को रद्द कर दिया ।झारखंड में दिसंबर 2023 में हेमंत सोरेन की सरकार ने सरकारी नौकरियों की ग्रुप तीन और चार में स्थानीयों को 100 प्रतिशत आरक्षण देने के मकसद से बिल पास किया था। ये बिल विधानसभा में पास हो गया था, लेकिन गवर्नर ने इसे लौटा दिया था। आज के हालात का निष्कर्ष ये है कि प्रत्येक दल आरक्षण की सीढ़ी से सत्ता में पंहुचने के प्रयास में लगा है।

उसे उससे वास्ता नही कि आरक्षण की जद में आने वाली प्रतिभाएं इसे लेकर क्या सोचती हैं? 2012 में केंद्र सरकार प्रमोशन में आरक्षण का बिल ला चुकी है। संसद में बिल रखे जाने के दौरान एक सांसद द्वारा मंत्री से छीन कर बिल की प्रति फाड़ दिए जाने के कारण ये अटक गया। नही तो प्रमोशन में भी आरक्षण लागे हो चुका होता। अब क्रीमीलेयर तै करने के बारे में सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ के आंदेश को वे ही ठेंगा दिखाने को तैयार हैं जो अब तक इससे लाभ लेते रहे हैं। आरक्षण का लाभ उठा चुके उच्च स्थिति में पंहुचने वाले ही विकास की धारा से वंचित अपनी जाति वालों के लिए आरक्षण का लाभ छोड़ने को तैयार नही हैं। आज हालत यह है कि सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ आदेश करे या कोई अन्य मांग हो, आरक्षण को कम करने को कोई राजनैतिक दल छोड़ने को तैयार नही। कोई इसके खत्म करने की बात नही कर रहा ।सब बढ़ाने की बात कर रहे हैं ।आरक्षण के दायरे से बाहर की जाति और उसे युवा ये सब देख रहे हैं। अभी हाल में यूपीएससी में लेटरल एंट्री को लेकर हुए बवाल ने बाद सरकार ने 45 पदों पर लेटरल एंट्री का प्रस्ताव वापस लेना पड़ा। विपक्ष का कहना था कि सरकार आरक्षण खत्म करने की कोशिश कर रही है। विपक्ष आरोप लगा रहा है, सरकार अपनी छवि बचाने को बार -बार पीछे हटती जा रही है। ऐसे में आरक्षण से बाहर रह रही युवा पीढ़ी के भविष्य की किसी को चिंता नहीं ।आरक्षण समर्थक कोई नेता और राजनैतिक दल ये नही सोच रहा कि ये आरक्षण से बाहर रहे युवा उनके बारे में क्या विचार और सोच बना रहे हैं?

निवाई सामुदायिक अस्पताल में पोपा बाई का राज

# मरीज को बुखार, अस्पतालकर्मी करते रहे दस्त का उपचार

## चिकित्सक की पर्ची का भी नहीं रखा ध्यान, गलत उपचार से मरीज की बिगड़ी हालत, कार्रवाई करने के बजाय अस्पताल प्रबंधन कर रहा लीपा पोती

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. ) ।** राजधानी से सटे निवाई शहर का चिकित्सा विभाग इन दिनों खुद बीमार है। इसे इलाज की नहीं बल्कि सर्जरी (ऑपरेशन ) की जरुरत है। ताजा मामले को देखकर तो यही लगता है। निवाई के सामुदायिक चिकित्सालय में एवजी कर्मचारियों द्वारा एक बुजुर्ग का गलत उपचार कर उसे गलत दवा देने का मामला सामने आया है। बताया जाता है की निवाई के पास के एक गाँव निवासी बुजुर्ग बुखार नहीं उतरने की तकलीफ लेकर यहाँ डॉक्टर ओम नारायण मीणा के पास आया था। डॉक्टर ने उसे भर्ती कर लिया और बुखार के उपचार की दवा लिख दी। भर्ती रहने के 3 दिन तक एवजी चिकित्सा कर्मचारी बुजुर्ग को बुखार के बजाय दस्त की दवा देते रहे। हालत में सुधार नहीं हुआ तो परिजनों ने दवा चेक की जिसमें ये गलती पकड़ में आयी। तुरंत कड़ी कार्रवाई करने के बजाय अस्पताल प्रशासन लीपा पोती में जुट गया।

**पेरासिटामोल 100 एम एल इंजेक्शन लिखा था, मेटनिडाजोल 100 एम एल इंजेक्शन लगा रहे थे :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निवाई के डॉक्टर ओम नारायण मीणा ने बुजुर्ग के लिए पेरासिटामोल 100 एम एल इंजेक्शन लिखा था। आरोप है की एवजी चिकित्सा कर्मचारी उस मरीज के मेटनिडाजोल 100 एम एल इंजेक्शन लगा रहे थे। मरीज के परिजन ने डॉक्टर से बुखार ठीक नहीं होने और गलत दवा देने की शिकायत की तब डॉक्टर ने दवाइयां देखकर बताया कि उन्होंने यह दवाई नहीं लिखीं और नर्सिंग स्टाफ को डांट लगाई तब जाकर मरीज के पेरासिटामोल इंजेक्शन लगाया गया।

**रोजाना 5 हजार लोगों की आवाजाही, आये दिन हो रही चोरियां :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निवाई मरीजों के परामर्श और उपचार के लिहाज से जिले का प्रमुख अस्पताल है। यहाँ प्रतिदिन 1500 से अधिक रोगियों का आउटडोर रहता है और करीब 5 हजार लोगों की रोजाना आवाजाही रहती है। अस्पताल में सात वार्ड है और 3 दवा वितरण केंद्र है। अस्पताल प्रबंधन ने एक लाख रूपए से अधिक का खर्चा कर पूरे परिसर में सीसी टीवी कमरें लगवा रखे है , इसके बाद भी किसी को एवजी चिकित्सा कर्मचारियों के वार्ड में काम करने की जानकारी नहीं है ? अस्पताल सूत्रों के मुताबिक परिसर से आये दिन चिकित्स उपकरणों की चोरी होती रहती है , हर बार अस्पताल प्रबंधन इसे छुपा लेता है। लोग आशंका जता रहे है कि एवजी चिकित्सा कर्मचारी का इन चोरियों में हाथ हो सकता है।



### इनका कहना

**नर्सिंग स्टाफ को बोल कर बाद में लगवा दिया है :** मेरे द्वारा मरीज को भर्ती किया गया था मैंने उसको पेरासिटामोल इंजेक्शन लिखा था। लेकिन बुखार ठीक नहीं होने पर दवाइयां देखी तो पता चला पेरासिटामोल इंजेक्शन नहीं लगाया था । नर्सिंग स्टाफ को बोल कर बाद में लगवा दिया है।

**डॉ ओ एन मीना फिजिशियन**
**सीएचसी निवाई**

**नर्सिंग स्टाफ को पाबंद करेंगे :** मरीज के परिजनों ने मुझे बताया है, मैं दिखाता हू। अस्पताल में प्राइवेट व्यक्ति मरीजो के दवाइयां लगाते हैं तो नर्सिंग स्टाफ को पाबंद करेंगे फिर भी अगर प्राइवेट व्यक्ति दवाई लगाते पाए गए तो कर्रवाई करेंगे।

**डॉ कृष्णकांत विजय,**
**प्रभारी, सीएचसी निवाई**

**इसकी जांच करवाएंगे :** प्रभारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निवाई से बात कर पता करता हूं। अगर प्राइवेट व्यक्ति मरीजों को दवाइयां लगा रहे हैं तो गलत है। डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवाई पर्ची को देखकर क्यों नहीं लगाई गई इसकी जांच करवाएंगे।

**डॉ अशोक कुमार यादव**
**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, टोंक**

# राम-सीता विवाह आयोजन धूमधाम से मनाया भामाशाहों का समिती की ओर से सम्मान किया



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** बुधवार को रामकथा में सन्त शम्भु शरण लाटा के मुखारबिंद से राम-सीता विवाह आयोजन धूमधाम से मनाया गया। कथा स्थल को सजाया गया। मालपुरा वासी मंगल गीत गाते हुए राम विवाह में सम्मिलित हुए। मालपुरा उपखण्ड अधिकारी कपिल शर्मा, तहसीलदार राहुल पारीक, समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी, परिषद अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा, संरक्षक राजकुमार जैन एडवोकेट, भाजपा अध्यक्ष त्रिलोक जैन, रमेश शर्मा, भूपेन्द्र, विधायक प्रतिनिधी अभिषेक पाराशर, माहेश्वरी समाज जिलाध्यक्ष सत्यनारायण मालू सहित गणमान्य लोग राम बारात में सम्मिलित हुए। आज के दैनिक यजमान रूपचंद-पार्वती कुमावत ने कथा प्रारम्भ से पहले व्यास पीठ की पूजा अर्चना की। रामकथा में सहयोग देने वाले भामाशाहों का समिती की ओर से सम्मान किया गया। महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण ओमप्रकाश सोनी डिग्गी वाले परिवार की ओर से किया गया।

महिलाओं ने भक्तजनों ने व्यास पीठ से गाये हुए विवाह के गीतों पर जमकर आनन्दित भाव से नृत्य करते हुए माता जानकी को राम के साथ अयोध्या के लिए विदा किया।

# मंडल अध्यक्ष के जन्मदिवस पर बधाई देने वालो का लगा रहा तांता पालिकाध्यक्ष सहित सैकड़ो भाजपाईयों ने बधाई देकर किया अभिनन्दन

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** भारतीय जनता पार्टी मालपुरा शहर मंडल के अध्यक्ष एवं अग्रवाल समाज चौरासी के संरक्षक त्रिलोकचन्द जैन के 57वें जन्म दिवस पर दिन भर बधाई देने वालो का तांता लगा रहा। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी मालपुरा शहर मंडल अध्यक्ष एवं अग्रवाल समाज चौरासी के संरक्षक त्रिलोकचन्द जैन का 57वां जन्म दिवस होने के चलते जैन के संजय मार्केट स्थित नीजि कार्यालय तथा भाजपा मंडल कार्यालय पर खुशी का माहोल रहा। दोनो ही स्थानो पर दिन भर बधाई देने वालो का तांता लगा रहा। बधाई देने वालो में सबसे पहले नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी भाजपा के महामंत्री नोरत बीलवाल भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नजरूद्धीन देशवाली तथा पालिका के पूर्व पार्षद मनीष सोनी के साथ पहुंच जैन को जन्म दिवस पर बधाई देकर साफा बंधा कर व अभिनन्दन पत्र सौंप कर बधाई दी। इसके पश्चात दोपहर बाद भाजपा शहर मंडल कार्यालय में जन्म दिवस समारोह का आयोजन हुआ। इसमें मौजुद मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा, कार्यालय सचिव एडवोकेट अभिषेक पाराशर के साथ मौजुद अन्य कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष जैन का जन्म दिवस पर अभिनन्दन कर बधाई दी। साथ ही यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे भी लगाए। गौरतलब है कि जैन भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष होने के साथ साथ वर्तमान में अग्रवाल समाज चौरासी के संरक्षक भी है एवं पूर्व में अग्रवाल समाज चौरासी के महामंत्री भी रह चुके हैं। जैन की क्षैत्र में पहचान एक श्रेष्ठ समाजसेवी एवं प्रखरवक्ता के रूप में हैं।



# फर्जी तरीके से भू-खण्ड बेचकर धोखाधडी करने का आरोपी गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** पुलिस ने फर्जी तरीके से भूखंड बेचकर धोखाधड़ी करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना अधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा के सुपरविजन में क्षेत्र में अपराधियों की धरपकड़ के तहत कार्रवाई करते आरोपी रमेशचन्द पुत्र ब्रजमोहन निवासी वार्ड नम्बर 12 बडा बाजार हाल निवासी शिवाजी कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि परिवादी गिरिराजप्रसाद खंडेलवाल पुत्र नाथूलाल खंडेलवाल निवासी मित्रपुरा जिला सवाईमाधोपुर ने मुकदमा दर्ज करवाया था कि निवाई में गृह निर्माण सहकारी समिति 6 अप्रेल 1999 में स्कीम नंबर पांच में स्थित भूखंड संख्या 60 खरीदा था। उक्त भूखंड को गिर्राजप्रसाद सोनी ने फर्जी तरीके से प्रार्थी के भूखंड का फर्जी रूप से दूसरा आवंटन पत्र बनाकर किशनलाल बैरवा निवासी पराना को बेचान कर दिया। किशनलाल उक्त भूखंड पर निर्माण कर रहा था। तब प्रार्थी ने मौके पर पहुंचकर भूखंड पर निर्माण करने के लिए मना किया।

किशनलाल ने परिवादी को बताया कि उसने गिर्राजप्रसाद सोनी से उक्त भूखंड खरीद किया है। जबकि उक्त भूखंड पर गिर्राजप्रसाद सोनी का कोई वास्ता नहीं है। आरोपी ने आपस में मिलीभगत कर षडयंत्रपूर्वक तरीके से भूखंड का फर्जी बेचान किया है।

जिस पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया और अनुसंधान शुरू किया। प्रकरण में पुलिस ने रमेशचंद पुत्र बृजमोहन महाजन के विरुद्ध प्रमाणित पाई जाने पर आरोपी की तलाश शुरू की और आरोपी को डिटेन कर गिरफ्तार कर लिया।

# आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में हुई 100 रोगियों की हुई जांच, नि:शुल्क दवाईयां दी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई/गुंसी।** राजकीय आयुर्वेद औषधालय लुहारा में बुधवार को वृद्धजन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेष रूप से 60 वर्ष से अधिक के 54 बुजुर्गों के स्वास्थ्य की जाँच कर उन्हें औषधि वितरित की गई। शिविर प्रभारी डॉ. धर्मराज मीना ने बताया कि शिविर में 20 पुरुष और 34 महिला रोगियों की जांचकर आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श दिया गया।

उन्होंने बताया कि शिविर में रोगियों की बीपी, ब्लड शुगर, वजन, ऑक्सीजन लेवल, मधुमेह, कोलेस्ट्रॉल, श्वास कास, जोडों के दर्द, तंत्रिका रोग, पेट के रोग, मूत्र रोग, त्वचा रोग, नेत्र रोग व कर्ण रोग सहित कई बीमारियों के 100 रोगियों को चिकित्सा परामर्श देकर 6 दिन की दवा निःशुल्क वितरित की गयी। शिविर में कंपाउडर चिरंजीलाल बैरवा, योग प्रक्षिशक अशोककुमार गुर्जर, रूमाली बाई गुर्जर, मनोज चौधरी व कैलाश चौधरी ने सहयोग किया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों का सचिव ने लिया जायजा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की विशेष लोक अदालत 31 को

बढ़ता राजस्थान



**निवाई( का.स. )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक के सचिव दिनेशकुमार जलथुरिया एवं तालुका विधिक सेवा समिति निवाई के अध्यक्ष महावीर महावर ने तालुका मुख्यालय पर 31 अगस्त को आयोजित होने वाली स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की विशेष लोक अदालत की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान बैंको में लंबित एनआई एक्ट के प्रकरणों के निस्तारण हेतु विशेष निर्देश दिए। इस दौरान सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों, जेवीवीएनएल, बीएसएनएल एवं जलदाय विभाग के अधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु अधिक से अधिक प्रकरण चिन्हित करवाने तथा तालुका प्रशासन के पूर्ण सहयोग से तामील करवाए जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में धारा 138 पराक्रम्य विलेख, श्रम एवं नियोजन संबंधी विवाद, भूमि अधिग्रहण से संबंधित प्रकरण, वाणिज्यिक विवाद से संबंधित प्रकरण सहित सभी विवाद राजीनामे की भावना से निपटाए जाते हैं। साथ ही एडीजे महावीर महावर ने बताया कि प्री.लिटिगेशन प्रकरणों में बिजली, पानी से संबंधित विवाद, बैंको के धन वसूली विवाद तथा टेलीकॉम कम्पनियों से संबंधित धन वसूली के विवाद निपटाए जाते हैं। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ. सिद्धार्थशंकर शर्मा तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट रेखा तिवारी मौजूद रहे।

# अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झाबरमल यादव ने रिश्वत लेने व देने सहित दी कई महत्वपूर्ण जानकारियां

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** पंचायत समिति सभागार में आम जन में जागरूकता लाने के लिए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजस्थान द्वारा टोंक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झाबरमल यादव की अध्यक्षता में आमजन के साथ बैठक का आयोजन किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झाबरमल यादव ने आमजन के साथ रिश्वत लेने व रिश्वत देने सहित महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि किसी भी सरकारी या गैर सरकारी विभाग में कार्यरत कर्मचारी व अधिकारी द्वारा रिश्वत मांगी जाती है तो उसकी सूचना तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1064 व व्हाट्सएप नंबर 9413152834 नंबर पर मैसेज करें। उन्होंने बताया कि ब्यूरो द्वारा सूचना देने वाले व पीड़ित का नाम गुप्त रखा जाएगा। आमजन के सहयोग से ही भ्रष्टाचार को खत्म किया जा सकता है। बैठक में थानाधिकारी हरिराम वर्मा सहित भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के हेड कांस्टेबल मोहम्मद जुनेद, कांस्टेबल अजीतसिंह, मालसिंह, राजकुमार, गणेशसिंह, रविंद्रकुमार, गोपाल, मुकेश शर्मा, देवालाल गुर्जर, गिर्राज प्रजापत, शंकर चौधरी, मुकेश मीणा व संतोष शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

# विमुक्त घुमंतु, अर्ध घुमंतू जाति के भूमिहीन परिवारों को गांधी जयंती के पर करेंगे पट्टा आंवटन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्र में निवास कर रहे विमुक्त घुमंतु, अर्ध घुमंतू जाति के भूमिहीन परिवारों को आबादी क्षेत्र में गांधी जयंती के अवसर पर पट्टा आंवटन कर उन्हें निश्चित स्थान पर बसाने के आदेश प्राप्त हुए हैं। निर्देशों की पालना में ग्राम पंचायत रजवास ने घुमंतु जाति के लोगों को पट्टा जारी करने हेतु सर्वे किया। सर्वे में तीन गाडिया लुहार परिवार का सर्वे किया गया। ग्राम विकास अधिकारी विनोदकुमार परिडवाल ने बताया कि गांव रजवास में पंचायत ने पूर्व में जिला कलेक्टर द्वारा 3 बिस्वा आबादी भूमि परिवर्तित कर बजरंगा लुहारिया, हंसराज लुहारिया व केदार लुहारिया को भूमि आवंटित की थी। परंतु मौके पर उक्त आदेशित भूमि पर अन्य महिला द्वारा कब्जा कर लिया है। ग्राम पंचायत सरपंच कानाराम जाट एवं ग्राम विकास अधिकारी विनोदकुमार परिडवाल ने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया। गाडिया लुहारों ने बताया कि वर्तमान में वह लोग स्कूल के खेल मैदान में अस्थाई निवास कर रहे हैं। गाडिया लोहार के दस्तावेजों में जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जन आधार, राशन कार्ड, नरेगा जॉब कार्ड व बैंक डायरी आदि दस्तावेज बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि उक्त भूमि पर न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं। ग्राम पंचायत में निर्णय लिया गया कि न्यायालय में विधि अनुसार शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध किया गया। ताकि न्यायालय से प्रकरण निस्तारित हो जाने के तत्पश्चात गाडिया लुहारों को आवंटित भूमि पर बसाया जा सके।

# इफको एमसी ने मनाया दसवां स्थापना दिवस



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** कृषि रसायन के क्षेत्र में 28 अगस्त 2015 को स्थापित इफको एमसी ( इफको और मित्सुबिसी कॉरपोरेशन के बीच संयुक्त उद्यम ) ने 10 साल पूरे होने पर अपना दसवां स्थापना दिवस मनाया । कार्यक्रम का आयोजन मालपुरा टोंक में किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य और विशिष्ट अतिथि कृषि विभाग से चेतन,केवीएस मालपुरा से भंवरलाल, गिरिराज ,जीएसएस मलूका नगर के अध्यक्ष राजाराम चौधरी मौजूद थे। इफको एमसी के प्रबंधक निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज वार्ष्णेय ने वीडियो संदेश के माध्यम से इफको एमसी के बारे में जानकारी देते हुए संगठन के तीन मूल सिद्धांतों सही दवा सही दाम व किसान सुरक्षा बीमा योजना के बारे में जानकारी दी। इफको एम सी के रीजनल मैनेजर अमित कुमार ने मूंग चना व जीरे की फसल में आने वाले किट वह व्याधियों के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंत में शिवदत्त क्षेत्रीय अधिकारी ने आने वाले मेहमानों को धन्यवाद दिया और भविष्य में इसी तरह के सहयोग और मार्गदर्शन के लिए सुझाव देना जारी रखने का अनुरोध किया।

# हटाया गया क्षतिग्रस्त पोल, लोगो ने ली राहत की सांस शिवाड के वार्ड 6 में बना हुआ था खतरा

बढ़ता राजस्थान

**शिवाड़ ( नि.स. )।** कस्बे के वार्ड 6 में चिरंजी के गौदाम के समीप लग रहे पोल के कई माह से क्षतिग्रस्त होने के बाद भी उसे हटाकर नवीन पोल पर शिफ्ट करने का कार्य नही हो रहा था जिस कारण पोल के किसी भी समय गिरने का खतरा बना हुआ था । वार्ड मेम्बर सहित सभी मोहल्लेवासियों ने इसकी शिकायत कई बार विभाग के कर्मचारियो को की मगर कोई कार्यवाही नही हुई । आखिर विभाग के उच्च अधिकारी खबर के बाद जागे तो विभाग हरकत में आया और बुधवार को इस पोल को नवीन पोल लगाकर शिफ्ट किया गया जिसके बाद मोहल्लेवासियों ने राहत की सांस ली । मोहल्ला निवासी दिलीप नामा ने बताया कि कई माह से इस पोल के क्षतिग्रस्त होने से खतरा बना हुआ था और बारिश में काफी वेग से पहाड़ से पानी इसी रास्ते से होकर गुजरता है ऐसे में इस पोल के गिरने का खतरा था मगर विभाग सुनवाई नही कर रहा था जिस कारण इसके तारो को नया पोल लगाकर शिफ्ट नही किया जा रहा था ।

# खेलकूद सप्ताह में खिलाडियों ने दिखाया दमखम

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** राजकीय महाविद्यालय में खेलकूद सप्ताह के अर्न्तगत बुधवार को प्राचार्य दीपकराज जैन के नेतृत्व में खिलाडियों ने खेलकूद प्रतियोगिता में दमखम दिखाते हुए उत्साह पूर्वक भाग लिया। खेलकूद प्रभारी राजेशकुमार मीणा ने बताया कि खेलकूद सप्ताह के अर्न्तगत सितौलिया एवं 100 व 200 मीटर दौड प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

# अवैध मादक पदार्थ के साथ एक महिला गिरफ्तार, 5.95 ग्राम स्मेक जब्त

बढ़ता राजस्थान

**निवाई/झिलाय।** निवाई थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ स्मेक के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महिला से 5.95 ग्राम स्मेक बरामद की है। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि मादक पदार्थो की धरपकड अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए गठित विशेष टीम ने गांव झिलाय से अवैध मादक पदार्थ के साथ आरोपी अनिता देवी पत्नि दयाराम गुर्जर निवासी अणतपुरा हाल निवासी ग्राम झिलाय को गिरफ्तार किया है।

# राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना पोर्टल की हुई शुरूआत

## गोपालक किसान अब पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन कर सकेंगे ऋण के लिये आवेदन, ऋण स्वीकृति की सम्पूर्ण प्रक्रिया को बनाया गया है पूर्ण पारदर्शी, पांच लाख पशुपालक किसानों को मिलेगा एक लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त अल्पकालीन ऋण

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर,( का.स. )।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने बुधवार को कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में किसानों और पशुपालकों की समृद्धि और कल्याण के लिये कृतसंकल्प है और इसी सोच को साकार करने के लिये राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना पोर्टल की शुरूआत की गई है। नेहरू सहकार भवन में आयोजित समारोह में पोर्टल की शुरूआत करते हुये श्री दक ने कहा कि देश में पहली बार राजस्थान प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गोपालक किसान परिवार को एक लाख रुपये तक का अल्पकालीन ब्याज मुक्त ऋण एक वर्ष की अवधि के लिये उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि गोपालक किसान द्वारा ऋण का समय पर चुकारा करने पर किसी प्रकार का ब्याज नहीं देना होगा। सहकारिता मंत्री ने कहा कि गोपालक किसान परिवारों को गाय/भैंस हेतु शैड, खेली निर्माण एवं चारा/बांटा सहित आवश्यक उपकरण खरीदने के लिये पैसों की कमी रहती थी, जिससे वह गोपालन से मिल सकने वाला पूरा लाभ नहीं ले पाता था। इसी को ध्यान में रखते हुये गोपालक किसान को ब्याज मुक्त ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। दक ने कहा कि ऋण वितरण को पारदर्शी बनाने तथा गोपालक किसान परिवार को ऋण प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसलिये ऋण आवेदन से लेकर स्वीकृति की प्रक्रिया को ऑनलाइन माध्यम से संपादित किया जायेगा। गोपालक किसान ई-मित्र केन्द्र या संबंधित ग्राम सेवा सहकारी समिति के माध्यम से ऋण के लिये आवेदन कर सकता है। उन्होंने कहा कि गोपालक किसान को प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति का सदस्य होना अनिवार्य है।सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रदेश के अधिकाधिक गोपालक किसानों को गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के तहत ऋण उपलब्ध कराने के लिये दुग्ध संघ एवं केन्द्रीय सहकारी बैंकों के संयुक्त तत्वाधान में शिविरों का आयोजन किया जायेगा ताकि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित किये गये पांच लाख किसानों को ऋण उपलब्ध कराने के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों से कहा कि योजना का अधिकाधिक लाभ पहुंचाने के लिये योजना का प्रचार-प्रसार किया जावे। इस अवसर पर शासन सचिव, सहकारिता श्रीमती शुचि त्यागी, रजिस्ट्रार, सहकारिता अर्चना सिंह, प्रबंध निदेशक आरसीडीएफ श्रीमती सुषमा अरोडा, अतिरिक्त रजिस्ट्रार (प्रथम) श्री राजीव लोचन शर्मा, प्रबंध निदेशक अपेक्स बैंक संजय पाठक सहित सहकारिता विभाग तथा आरसीडीएफ और सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री आज करेंगे दो दिवसीय स्टेट लेवल पुलिस ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस का शुभारम्भ

## पुलिसिंग विद एक्सीलेंस-द वे फॉरवर्ड की थीम पर दो दिन में होंगे दर्जनभर सेशंस

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा राजधानी में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में गुरुवार को दो दिवसीय स्टेट लेवल पुलिस ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस,'पुलिसिंग विद एक्सीलेंस-द वे फॉरवर्ड' का शुभारम्भ करेंगे।

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने बताया कि जयपुर में इस साल की शुरूआत में जनवरी माह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई राष्ट्रीय स्तर की डीजीपी-आईजी कॉन्फ्रेंस में लिए गए निर्णय के क्रम में इस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उद्घाटन सत्र में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, राज्य के मुख्य सचिव सुधांश पंत और अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) आनंद कुमार सहित राज्य के वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहेंगे। साहू ने बताया कि एडीजी कांफ्रेंस में दो दिन की अवधि में राज्य में बेहतर पुलिसिंग पर केन्द्रित मुद्दों पर राज्य के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और विषय विशेषज्ञ दर्जन भर सेशंस में अपना प्रस्तुतीकरण देंगे। गुरुवार और शुक्रवार को 6-6 विषयों पर एडीजी और आईजी रैंक के वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों के ग्रुप द्वारा प्रजेंटेशंस दिए जाएंगे। इन सेशंस से विषय विशेषज्ञ भी जुड़कर सम्बंधित सब्जेक्ट पर अपना महत्वपूर्ण इनपुट देंगे। वहीं अलग-अलग विषयों पर एडीजी, रेंज आईजी एवं डीआईजी के अलावा चयनित एसपी, एडिशनल एसपी, डीएसपी और निरीक्षक स्तर के पुलिस अधिकारी 'ब्रेन स्टॉर्मिंग' करेंगे, इनमें क्वेश्चन-आंसर का दौर भी होगा। कॉन्फ्रेंस की आर्गेनाइजेशन कमेटी की चेयरपर्सन और एडीजी (ट्रेनिंग) मालिनी अग्रवाल ने बताया कि गुरुवार को होने वाले सत्रों में पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू की अध्यक्षता में न्यू क्रिमिनल लॉज पर विशेष सेशन होगा, इसमें जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ के नेतृत्व में अधिकारियों के समूह द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया जाएगा। डीजीपी-आईजी कॉन्फ्रेंस-2023 की अनुशंसाओं पर संजय कुमार अग्रवाल, डीजी (इंटेलिजेंस) द्वारा प्रेजेंटेशन दिया जाएगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स, चैट जीपीटी, डीप फेक और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) पर डीजी साइबर क्राइम हेमंत प्रियदर्शी की अध्यक्षता में होने वाले सत्र में आईजी साइबर क्राइम शरत कविराज के साथ पुलिस अधिकारियों का ग्रुप प्रजेंटेशन देगा।

डिजिटल फॉरेंसिक के बारे में एडीजी (पुनर्गठन) डॉ. प्रशाखा माथुर तथा मादक पदार्थों की स्मगलिंग और इनके उपभोग की रोकथाम के बारे में एडीजी (रेलवेज) श्री अनिल पालीवाल के साथ पुलिस अधिकारियों की टीम अपना प्रस्तुतीकरण देंगी। कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन शुक्रवार को भी छः विशेष सेशंस का आयोजन होगा। इनमें साइबर सिक्योरिटी, डार्क वेब, साइबर क्राइम इंवेस्टिगेशन एवं क्रिप्टो करेंसी के विषयों पर एडीजी (टी एंड टी) बिपिन कुमार पांडे के नेतृत्व में पुलिस ऑफिसर्स का प्रजेंटेशन होगा। इस सत्र की अध्यक्षता एसीबी के डीजी रवि प्रकाश मेहरड़ा करेंगे।

## नकली शराब बनाने के कारखाने पर पुलिस ने मारी छापेमारी

# शराब निर्माता मालिक सहित दो आरोपित गिरफ्तार

### भारी मात्रा में खाली डिब्बे, ढक्कन, ग्लोबस स्प्रिट लिमिटेड,श्यामपुर बहरोड़ के प्रिंटेड रेपर, बारकोड, खाली पैकिंग कार्टन जब्त

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** सांगानेर सदर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर दक्षिण (डीएसटी) ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए नकली शराब बनाने के कारखाने में छापेमारी की है और साथ ही अवैध शराब निर्माता मालिक सहित दो आरोपितों को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपितों के पास से आठ पेटी निर्मित देशी मदिरा, भारी मात्रा में खाली डिब्बे, ढक्कन, ग्लोबस स्पिरिट्स लिमिटेड,श्यामपुर बहरोड़ के प्रिंटेड रेपर, बारकोड, खाली पैकिंग कार्टन, हाथ से संचालित पैकिंग मशीन, ड्रम, ड्रम में पाइप जोड़कर बनाया हुआ तरल पदार्थ मिश्रित उपकरण आदि जब्त की है। पुलिस आरोपितों से अवैध शराब बनाने के रसायन, पैकिंग सामग्री, आयात स्त्रोत एवं निर्मित शराब निर्यात के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनंद ने बताया कि सांगानेर सदर थाना पुलिस और डीएसटी दक्षिण को मुखबिर से सूचना मिली थी कि थाना इलाके में स्थित रामसिंहपुरा के वैभव विहार कॉलोनी में किराए के मकान में अवैध रूप से शराब बनाने का संचालित हो रहा है। इस सूचना पर पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा और छापेमारी करते हुए अवैध शराब निर्माता मालिक महावीर सिंह (34) निवासी लालसोट जिला दौसा शिवदासपुरा जयपुर और शिवा उर्फ भोला (20) निवासी सिकंदरा जिला आगरा (उत्तर प्रदेश) हाल रामसिंहपुरा सांगानेर जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने मौके से आठ पेटी निर्मित देशी मदिरा, भारी मात्रा में खाली डिब्बे, ढक्कन, ग्लोबस स्पिरिट्स लिमिटेड,श्यामपुर बहरोड़ के प्रिंटेड रेपर, बारकोड, खाली पैकिंग कार्टून, हाथ से संचालित पैकिंग मशीन, ड्रम, ड्रम में पाइप जोडकर बनाया हुआ तरल पदार्थ मिश्रित उपकरण आदि बरामद किया है। पुलिस आरोपितों से अवैध शराब बनाने के रसायन, पैकिंग सामग्री, आयात स्त्रोत एवं निर्मित शराब निर्यात के संबंध में पूछताछ चल रही है।

# लिफ्ट लेकर छेड़छाड़ व दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर रुपए ऐंठने वाली महिला गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** वैशाली नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राह चलते कार सवार लोगों से लिफ्ट लेकर छेड़छाड़ व दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर रूपये ऐंठने वाली एक शातिर महिला को गिरफ्तार किया हैं। गिरफ्तार आरोपित महिला ने जयपुर शहर के विभिन्न थानों में एक दर्जन से ज्यादा छेड़छाड़ व दुष्कर्म के झूठे मामले दर्ज कराए हुए हैं। फिलहाल आरोपित महिला से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि वैशाली नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राह चलते कार सवार लोगों से लिफ्ट लेकर छेड़छाड़ व दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर ठगी करने वाली एक शातिर महिला त्रिशा राठौड़ उर्फ त्रिशा खान उर्फ नूनहार उर्फ नूनी उर्फ शानू खान उर्फ नूरी उर्फ निशा खान उर्फ नूना (35) निवासी जिला उज्जैन (मध्यप्रदेश) हाल वैशाली नगर( चित्रकूट) को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपित महिला द्वारा राह चलते लोगों को रोककर लिफ्ट लेने के बहाने उनसे मीठी बातें कर उनके मोबाइल नम्बर लेती है। बाद में मुकदमों का डर दिखाकर इन लोगों से रुपये लेने के लिये इन लोगों को फोन कॉल कर पैसे की डिमांड करती है। इन लोगों को होटलों में बुलाती है और अपने साथ समय बिताने के लिये भी बोलती है। जिससे लोग डर कर इस त्रिशा राठौड़ से फोन पर बातें करने लग जाते हैं। जिसका फायदा उठाकर त्रिशा राठौड द्वारा झूठा मुकदमा दर्ज करवाने का दबाव बनाकर पैसे ऐंठती है। युवती कई सालों से लगातार कई लोगों के खिलाफ विभिन्न थानों में अपना नाम बदल बदल कर लोगों पर झूठा केस कर चुकी हैं। थानाधिकारी रविन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि आरोपित त्रिशा के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद उसकी तलाश पुलिस ने शुरू कर दी। पुलिस जानती थी की पुलिस पर कार्रवाई के दौरान दबाव बनाने में भी यह युवती निपुण है जो पुलिस कार्रवाई के दौरान आत्मदाह की धमकी देना, पुलिस पर झूठा आरोप लगाने की धमकी देना व अपने स्वयं के कपड़े उतारने की धमकी देने में माहिर है। जिसको पकड़ना पुलिस टीम के लिये चुनौती बना हुआ था। पुलिस टीम एफआईआर दर्ज होने के बाद से युवती की तलाश शुरू की। इस पर पुलिस को सूचना मिली की आरोपित युवती होटल रमाडा विधाधर नगर में है जिस पर पुलिस टीम मौके पर गई और युवती को गिरफ्तार कर कोर्ट के सामने पेश किया। जिसके बाद युवती को रिमांड पर लिया गया हैं। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# नगर पालिका मे आयोजित हुई मिटिंग : राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रकरणों के निस्तारण हेतु प्री काउंसिल शिविर आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा (सत्यनारायण कुमावत)।** नगर पालिका मण्डल फुलेरा के सभागार में बुधवार को अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सैशन न्यायाधीश) अजीत कुमार हिंगर, जयपुर जिला के निर्देशानुसार अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति (अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश, क्र.स.1) अरविंद कुमार जांगिड़, सांभर लेक के दिशा निर्देश में प्री काउंसलिंग शिविर का आयोजन किया गया। प्री काउंसलिंग शिविर में राजीनामा योग्य प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के बारे में विस्तार पुर्वक जानकारी दी गई । तालुका विधिक सेवा समिति, सांभर लेक के सचिव सुशील कुमार गौतम, चान्दमल सांभरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पालिका मण्डल फुलेरा के सभागार में पैनल अधिवक्ता निशांत शर्मा द्वारा बैंक की बकाया राशि जमा करने के लिए ऋण धारकों के मध्य विचार विमर्श किया गया तथा राजीनामा योग्य न्यायालय में लम्बित विचाराधीन प्रकरणों से संबंधित दोनों पक्षों के पक्षकारों में समझाईश व सुलह वार्ता करवाई गई। दोनों पक्षों ने राष्ट्रीय लोक अदालतमे आगामी 28 सितम्बर को न्यायालय में उपस्थित होकर राजीनामा करने हेतु अपनी सहमति दी। इस अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया मैनेजर जितेन्द्र सिंह तंवर, नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि के रूप में जितेंद्र अग्रवाल नेता प्रतिपक्ष संजय पारीक, गजेंद्र सिंह शेखावत ताराचंद सैनी नगर पालिका स्टाफ उनके संघ अध्यक्ष नरेंद्र कुमार वर्मा, राकेश कुमार, आरती गुर्जर, पंकज यादव, तनुज शर्मा, तरुण शर्मा, रमेश वर्मा, गणेश सैन एवम समस्त अधिवक्ता लोकेश कुमार गहरवार, गणेश कुमावत जितेंद्र कुमावत वंश शर्मा निशांत शर्मा उपस्थित थे। उपस्थित लोगो ने कैंप की सराहना की और लोक अदालत को सफल बनाने का संक्लप लिया।

# बाथरूम में फिसलकर गिरने से घायल कांस्टेबल की मौत

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** सोड़ाला थाने में तैनात एक कांस्टेबल की बाथरुम में फिसलकर गिरने से मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने पार्थिक शव को पुष्प चढ़ाकर श्रंदाजलि दी। दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इसके बाद कांस्टेबल के शव को अंतिम संस्कार के लिए पैतृक गांव भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार कांस्टेबल 35 वर्षीय उदाराम पुत्र भीखाराम निवासी अखदेड़ा बायतू बालोतरा बाड़मेर सोडाला थाने में 2020 से तैनात था और वह थाने में ही बने क्वार्टरों में रहता था। बीस अगस्त की सुबह वह नहाने जाने के दौरान बाथरूम में फिसल कर घायल हो गया। उसे घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां पर उसकी बुधवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। कांस्टेबल की मौत के बाद थाने के हर शख्स की आँखे नम थी। मौत के बाद कांस्टेबल के शव को थाने पर लाया गया और यहां पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजंलि दी।

# रावतभाटा केंद्रीय विद्यालय में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस प्राइमरी विद्यार्थियों ने वैज्ञानिकों की वेशभूषा में किया मंचन



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** रावतभाटा परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 4 में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अंतर्गत चल रही गतिविधियों के संदर्भ में प्राइमरी के विद्यार्थियों ने अंतरिक्ष अनुसंधान से जुड़े वैज्ञानिकों की वेशभूषा में स्टेज पर आकर उनकी उपलब्धियां की जानकारी दी। कोई सुनीता विलियम्स, कोई कल्पना चावला, कोई रितु कृधल तो कोई इसरो अध्यक्ष एस. सोमनाथ बनकर आया। प्राचार्य दिलीप सिंह ने बताया कि 23 अगस्त 2023 को चंद्रयान 3 की चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग अंतरिक्ष अनुसंधान में मिल का पत्थर साबित हुई भारत ने इस दिन चंद्रमा की सतह के उसे हिस्से पर चंद्रयान-3 की लैंडिंग की जहां आज तक विश्व का कोई भी देश अपने अंतरिक्ष यान को नहीं उतार सका, इसलिए भारत सरकार द्वारा 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में घोषित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य के साथ उप प्राचार्य प्रमोद कुमार सिंह हेड मास्टर पवन कुमार ने भी उपस्थित रहकर इन नन्हें बालकों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम संचालन शिक्षिका यासमीन ने किया। कार्यक्रम में सभी कक्षाओं के बच्चे व सभी शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# फुलेरा पुलिस को एक माह मे मिली आठंवी सफलता..

## ऑपरेशन उल्लास अभियान के तहत गुमशुदा को दस्तयाब किया

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा( नि.स. )।** शांतनू कुमार सिंह आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुये बताया कि मुख्यालय द्वारा ऑपरेशन उल्लास, गुमशुदा, के खिलाफ अधिक से अधिक कार्यवाही के लिए विशेष अभियान चलाये जा रहे जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय हरिप्रसाद सोमानी के सुपरविजन व वृताधिकारी वृत सांभरलेक श्रीमती सारिका खण्डेलवाल के निर्देशन में थानाधिकारी बाबुलाल उ.नि. के नेतृत्व में अभियान जारी रखकर गुमाशुदा व्यक्ति को दस्तयाब किया गया। पुलिस थाना फुलेरा पर दिनांक 16अगस्त को परिवादी रमेशचंद्र पुत्र कालूराम जाति मेघवाल उम्र 50 साल निवासी सरकनिया तहसील पछपहाड थाना मिसरौली जिला झालावाड ने उपस्थित थाना होकर एक रिपोर्ट पेश की कि मेरा दामाद राहुल कुमार पुत्र प्रभूलाल निवासी मेसोदा तहसील मानपुरा थाना मेसोदा मण्डी जिला मन्दसौर मध्यप्रदेश का रहने वाला है। मेरा दामाद बी.एस.एस. माईक्रोफाईनेंस लिमिटेड फुलेरा शाखा में दिनांक-16मई 24से काम कर रहा था। राहुल रिकवरी का काम करता है,जो दिनांक-13अगस्त को शाखा फुलेरा में शाम लगभग 7 बजे तक वापिस शाखा फुलेरा पर नही आया। राहुल के पास बी.एस.एस. रिकवरी के लगभग 42020 रूपये थे। शाखा फुलेरा से स्टाफ ने फोन से काफी सम्पर्क किया तो फोन रिसीव नही करने से स्टाफ के द्वारा काफी तलाश की बाद में घरवालो से सम्पर्क कर हमारे को सूचना मिली तब मैं मेरे दामाद राहुल कुमार को तलाश की जिसकी - 15अगस्त की शाम के समय एक बार गुमशुदा की पत्नि से सम्पर्क हुआ था। इस सूचना के बाद में रिपोर्ट पर पुलिस थाना फुलेरा पर गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरु की गयी। गुमशुदा राहुल कुमार की तलाश हेतु मुखबीर खास मामूर कर हर संभावित स्थानों पर तलाश की जाकर गुमशुदा को दस्तयाब कर संबंधित को सुपुर्द किया गया।गुमशुदा को दस्तयाब करने मे हेड कांस्टैबल महादेव प्रसाद व प्रकाश की विशेष भुमिका रही।

# ट्रेलर ने ट्रेवल्स बस को टक्कर मारी एक दर्जन यात्री घायल



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** भांकरोटा थाना इलाके में बुधवार सुबह सवारियों से भरी टेम्पो ट्रेवल्स बस की ट्रोले से टक्कर हो गई। इस हादसे में बारह लोग गंभीर घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को 108 एम्बुलेंस की मदद से एसएमएस ले जाया गया। थानाधिकारी राजकुमार मीणा ने बताया कि थाना इलाके के महापुरा के पास बुधवार सुबह पांच बजे रिंग रोड उतरने से करीब पांच सौ मीटर पहले एक फोर्स ट्रैवल्स बस की आगे चल रहे ट्रेलर के अचानक ब्रेक लगाने से टक्कर हो गई। हादसे के दौरान बस में बस ड्राइवर सहित इक्कीस सवारी थी। जिनमें से बारह लोगों को चोटे आई है। जिन्हे 108 की सहायता से एसएमएस भेजा गया। जहां पर कुछ को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। इस टक्कर में बस के आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

# रावतभाटा के बाल गोपाल संस्कार केंद्र में संस्कार गतिविधियों और योजनाओं की बैठक सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** विद्या भारती शिक्षा संस्थान, कोटा द्वारा संचालित आदर्श विद्यामंदिर प्राथमिक विद्यालय, रावतभाटा के बाल गोपाल संस्कार केंद्र चारण बस्ती में हाल ही में एक महत्वपूर्ण आयोजन किया गया। इस आयोजन में केंद्र के संचालक सुश्री शिवानी राव, केंद्र पालक उषा चंदाचोरिया, और विद्यालय प्रधानाचार्य सुशीला मोहनपुरिया के साथ जिला संस्कार केंद्र प्रमुख बाल कृष्ण सुमन ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके वंदना का प्रारंभ किया। इसके बाद, संस्कार केंद्र के प्रमुख द्वारा गीत अभ्यास भी करवाया गया। रावतभाटा संकुल संस्कार केंद्र संचालकों की बैठक में आगामी हिंदी दिवस पर संस्कार केंद्र पर होने वाली बौद्धिक प्रतियोगिता की योजना तैयार की गई। इसके साथ ही, शारीरिक प्रतिस्पर्धाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। मातृ सम्मेलन की भी जानकारी इस बैठक में प्रदान की गई। अंत में, इस संस्कार दर्शन का समापन शांति मंत्र द्वारा किया गया।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न, चिकित्सा सेवाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने और ईकेवाईसी पूर्ण करने के दिये निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान )।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक बुधवार को अमृतकौर सभागार में कलेक्टर उत्सव कौशल की अध्यक्षता मे आयोजित की गई। बैठक में गत बैठक की कार्यवाही की समीक्षा करने के पश्चात चिकित्सा विभाग की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के दिशा निर्देश दिये। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. संजय गहलोत ने चिकित्सा सेवाओं की समीक्षा कर सभी ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये। उन्होंने मुख्य रूप से गर्भवती महिलाओं की सभी एएनसी जांच समय पर पूर्ण किये जाने, मौसमी बिमारियों मलेरिया, चिकनगुनिया, स्क्रम टाइफस रोकथाम के लिये किये जा रहे कार्यो की समीक्षा करते हुए सभी को सेक्टर वार कार्य योजना बनाकर कार्य करने हेतु निर्देश दिये। उन्होंने आयुष्मान कार्ड वितरण और ईकेवाईसी पेंडिंग पूर्ण करने के निर्देश दिए। अमृतकौर अस्पताल में प्रसव पश्चात अन्य ब्लॉक की प्रसूताओं का रिकॉर्ड अध्यतन करने हेतु पीएमओ के माध्यम से डेटा ऐंट्री आपरेटर को पाबंद किया गया। सीएमएचओ ने सभी संस्था प्रभारियों को दवा, वैक्सिन आदि लोजिस्टिक सप्लाई के लिये पुराने संबंधित जिले वार ही प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत पुरूष नसबंदी एवं दो बच्चों पर नसबंदी पर विशेष जोर देते हुए पीपीयुआईसीडी हेतु अधिक से अधिक लगाने हेतु निर्देशित किया गया। वर्टीकल कार्यक्रम के तहत मौसमी बिमारियों के रोकथाम चांदीपुरा वायरस, मंकी पॉक्स एवं ब्रेस्ट कैंसर रोकथाम हेतु निर्देशित किया गया। जिला टीबी अधिकारी डा. लोकेश गुप्ता ने टीबी एलिमिनेशन कार्यक्रम पर जानकारी देते हुये जिले को टीबी मुक्त करने हेतु चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये। साथ ही निक्षय मित्र का चयन करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक मे बीसीएमओ मसूदा डा. शैलेन्द्र लाखन द्वारा ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी डा. हरिश कुमार आडवाडी, आरसीएचओ डा. अमित वैष्णव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक वाजिद अख्तर तथा चिकित्सा संस्थान से पीएमओ ब्यावर, पीएमओ विजयनगर, एवं समस्त जिला ब्लॉक मुख्य चिकित्सा उपस्थित थे।

# दूसरों के दुख को देखकर जो आंसू निकलते हैं, वे मोती कहलाते : संयम ज्योति

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** सुरजपोल बाहर स्थित दादाबाड़ी में श्री जैन श्वेताम्बर वासुपूज्य महाराज मन्दिर का ट्रस्ट द्वारा आयोजित किये जा रहे चातर्मास में समता मूर्ति साध्वी जयप्रभा की सुशिष्या साध्वी डॉ. संयम ज्योति ने कहा कि हंसने का अधिकार केवल मनुष्य को ही मिलता है, क्योंकि उबता भी वही है। परंतु विडम्बना ऐसी है कि मनुष्य जन्मता, रोना रोता है, झींकता झींकता जिन्दगी जीता है और रोते-2 ही मरता है। साधी ने कहा- जब व्यक्ति दूसरों की मूर्खता पर हंसता है तो उसका अहंकार हंसता है और जब मनुष्य स्वयं की मूर्खता पर हंसता है तो उसका अहंकार टूटता है। तीसरे प्रकार की हंसी अस्तित्वगत होती है जब व्यक्ति संसार की असारता और क्षणभंगुरता पर हंसता है तो उसका विकास होता है। साध्वी ने कहा-आंसुओं की भी अपनी महिमा है। चार प्रकार के आंसू वंदनीय होते है। उपकारी के प्रति, उत्तम के प्रति, अनुकंपा के आंसु, आनंद के आंसु और आक्रंदन पश्चाताप के मानु। साध्वी ने कहा- स्वयं के दुःख से जो आंसू निकलते हैं, वे पत्थर कहलाते है परंतु दूसरों के दुख को देखकर जो आंसू निकलते हैं, वे मोती कहलाते है। आंसुओं से शबरी का कनेक्शन राम से हुआ, सुदामा का कनेक्शन कृष्ण से हुआ। चंदन बाला की कनेक्शन महावीर से हुआ। हम भी आंसुओं द्वारा अपना कनेक्शन परमात्मा से जोड़ सकते है।

# रोटरी अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष ने रोटरी क्लब उदयपुर को दिया रोटरी अन्तर्राष्ट्रीय साईटेशन अवार्ड

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** रोटरी क्लब उदयपुर को वर्ष 2023-24 के अध्यक्ष गिरीश मेहता के नेतृत्व में क्लब द्वारा किये गये उल्लेखनीय सेवा कार्यो को देखते हुए वर्ष 2023-24 के रोटरी अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आर.गोर्डन मैकेनली को रोटरी अन्तर्राष्ट्रीय साईटेशन अवार्ड से क्लब को हाल ही में सम्मानित किया। गिरीश मेहता ने बताया कि यह अवार्ड क्लब द्वारा किये गये सामाजिक एवं मानवीय सेवा कार्यो के लिये प्रदान किया जाता है। यह रोटरी अन्तर्राष्ट्रीय का सबसे बड़ा अवार्ड होता है। वर्ष 2023-24 के प्रोग्राम कमेटी चेयरमैन डॉ.प्रदीप कुमावत ने बताया कि गिरीश मेहता द्वारा किये गये उत्कृष्ट सेवा कार्यो एवं अधिकतम सदस्यता वृद्धि व समाज विकास हेतु मैकेनली द्वारा मेहता को प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि गिरीश मेहता को वर्ष 2023-24 में रोटरी क्लब एक्सीलैंस अवार्ड से स्मानित किया गया। मेहता ने विगत वर्ष के दौरान अधिकतम क्लब सदस्यता वृद्धि कर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहराया।

# रास थाना के निंबेटी में दिन दहाड़े हुई लूट का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान )।** गत दिनों दिन दहाड़े हुई लूट का खुलासा करते हुए रास थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी मेघनाथ पुत्र मोवन उर्फ मोहननाथ जाति नाथ (45) निवासी रास को गिरफ्तार कर लिया हैं। रास थानाधिकारी हुकम गिरी ने जानकारी देते हुए बताया की 22 अगस्त को निंबेटी गांव की महिला घर से बकरियों को लेकर निंबेटी से रास की तरफ जाने वाली रोड़ के पास बकरिया चरा रही थी। इसी दौरान रास की तरफ से मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति आये और मोटरसाइकिल रोक कर बकरिया चरा रही महिला से आगे बहने वाली नदी में पानी के बहाव के बारे में पूछा और अचानक झपट्टा मारकर महिला के गले में पहने हुए सोने के पांच मादलिये को तोड़कर मोटरसाइकिल लेकर भाग गए। उक्त घटना की जानकारी महिला ने पुलिस में देकर मोटरसाईकिल पर सवार चोरो के खिलाफ रिपोर्ट लिखवाई। जिसके बाद थाना रास द्वारा आरोपियों की तलाश शुरू कर एक आरोपी मेघनाथ को गिरफ्तार कर किया गया। पुलिस आरोपी से पूछताछ करने में जुटी हुई है।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के पंजीकरण आज

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** विद्युत विभाग द्वारा गुरूवार को प्रधामंत्री सूर्य घर योजना के पंजीकरण किए जाएंगे। सहायक अभियंता धनराज टाटावत व कनिष्ठ अभियंता रणधीर वर्मा ने बताया कि गुरूवार को विभाग के सहायक अभियंता कार्यालय अ-द्वितीय निवाई रिको औद्योगिक क्षेत्र व जीएसएस ग्राम वनस्थली पर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के पंजीकरण किए जाएंगे। उपभोक्ताओं को पंजीकरण के लिए बिजली का नवीन बिल व रजिस्टर्ड मोबाइल साथ में लाना होगा।

# प्रसिद्ध उद्योगपति श्री रतन टाटा को अणुव्रत पुरस्कार प्रदत्त

बढ़ता राजस्थान





**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** अणुव्रत विश्व भारती द्वारा दिये जाने वाले प्रतिष्ठित ''अणुव्रत पुरस्कार'' वर्ष 2023 के लिए प्रसिद्ध उद्योगपति व समाज सेवी श्री रतन टाटा को मुम्बई स्थित उनके आवास पर भेंट किया गया। अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के अध्यक्ष अविनाश नाहर के साथ वहां पहुंचे प्रतिनिधि मण्डल ने श्री रतन टाटा को पुरस्कार स्वरूप स्मृति चिन्ह, प्रशिस्त पत्र सहित 1.51 लाख की राशि भेंट की। इस अवसर पर अणुविभा के महामंत्री भीखम सुराणा, मुम्बई कस्टम कमिश्नर अशोक कुमार कोठारी, अणुविभा उपाध्यक्ष विनोद कुमार व सहमंत्री मनोज सिंघवी उपस्थित थे। अणुविभा अध्यक्ष नाहर ने रतन टाटा को अणुव्रत पुरस्कार सौंपते हुए मानव जाति को उनके सकारात्मक योगदान की प्रशंसा की एवं दुनिया में मानवीयता का एक श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए सम्पूर्ण अणुविभा परिवार की ओर से बधाई ज्ञापित की। उन्होंने बताया कि अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य महाश्रमण ने रतन टाटा के प्रति अपनी मंगल कामनाएं प्रेषित की हैं व उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की है। रतन टाटा ने अणुव्रत अनुशास्ता के प्रति अपना हार्दिक आदर व सम्मान व्यक्त किया।

उल्लेखनीय है कि 75वर्षों से गतिमान अणुव्रत आंदोलन मानवीय एकता, नैतिकता, अहिंसा व सद्भावना के क्षेत्र में विशद् कार्य कर रहा हैं। आचार्य तुलसी द्वारा प्रणीत यह आंदोलन संयुक्त राष्ट्र तक अपनी विशेष पहचान स्थापित कर चुका है। अणुव्रत पुरस्कार की श्रृंखला में अभी तक देश के गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया गया है, जिनमे आत्माराम, जैनेन्द्र कुमार, शिवाजी भावे, शिवराज पाटिल, नीतिश कुमार, डॉ. ए.पी. जे. अब्दुल कलाम, डॉ. मनोहन सिंह, टी.एन. शेषन, श्री प्रकाश आमटे इत्यादि शामिल है।

इस अवसर पर अणुविभा प्रतिनिधि मण्डल ने रतन टाटा को अणुव्रत साहित्य, 'अणुव्रत' व 'बच्चों का देश' पत्रिकाओं के विशेषांक भेंट किये एवं अणुव्रत की प्रवृत्तियों चुनावशुद्धि अभियान, अणुव्रत डिजिटल डिटॉक्स, एलिवेट, पर्यावरण जागरूकता अभियान, नशामुक्ति अभियान, जीवन विज्ञान आदि के बारे में जानकारी प्रदान की। श्री रतन टाटा ने मनाव समाज की भलाई के लिए अणुव्रत आंदोलन द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की।

श्री हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज संस्था की आमसभा सम्पन्न

# दीपक गील अध्यक्ष व सचिव पद पर जुगद भेडोल्या





बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान )।** श्री हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज संस्था, ब्यावर की बुधवार को एक आमसभा सम्पन्न हुई। जिसमें निम्न पदों पर निविरो्ध चुनाव सम्पन कराकर अध्यक्ष पद पर दीपक गील, उपाध्यक्ष पद पर सत्यनारायण दूत, सचिव पद पर जुगद भेडोल्या, सहससचिव पद पर राजेन्द्र ओजट, कोषाध्यक्ष पद पर अजय बलेसरा एवं भण्डाराध्यक्ष पद पर आनंदमोहन कालवानया निर्वाचित हुए। समाज के सभी लोगों ने नवगठित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा युवा कार्यकर्ताओं की टीम आने वाले समय में समाज का नाम रोशन करें और सामाजिक सरोकारों में अपनी महत्ती भूमिका अदा करें।

आमसभा में कुछ कुरीतियों के बारे में भी विचार-विमर्श हुआ और आने वाले समय में कुछ सामाजिक कुरीतियों को भी भी दुर करने का प्रयास किया जायेगा।

# टीईआरआई के साथ मिलकर माइकोराइजा पद्धति से हरितिमा को बढ़ावा देगा हिंदुस्तान जिंक





बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़/नई दिल्ली ।** हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड, भारत की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी, पर्यावरणीय स्थिरता एवं सरंक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। इस हेतु कंपनी राजस्थान के चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर में 16 हेक्टेयर जेरोफिक्स बंजर भूमि को पुनः हरितिमा में बदलने की महत्वाकांक्षी पहल कर रही है। द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट के साथ मिलकर हिंदुस्तान जिंक, पर्यावरणीय स्थिरता और जैव विविधता के लिए अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, अनुपजाउ क्षेत्र को हरे भरे क्षेत्रों में बदलने के लिए अभिनव माइकोराइजा तकनीक का उपयोग कर रही है। कंपनी हेतु पर्यावरण सरंक्षण सदैव प्राथमिकता रहा है एवं औद्योगिक चुनौतियों को पारिस्थितिक सुधार के अवसरों में बदला है। परियोजना के तहत् माइकोराइजा तकनीक का उपयोग किया जाएगा जिससे पहले चरण में ही प्रभावशाली परिणाम मिलें हैं। चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर में 6.25 हेक्टेयर भूमि पर लगभग 11000 देशी प्रजातियाँ लगाई गईं और उच्च घनत्व वाला हरित आवरण निर्मित कर सफलतापूर्वक रूपांतरित किया गया। इस उपलब्धि को पर्यावरण बेस्ट प्रेक्टिस 2021 के लिए सीआईआई राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वर्तमान चरण इस सफलता पर आधारित है, जिसका उद्देश्य डंप ढलानों को और अधिक स्थिर करना, कटाव को नियंत्रित करना और कार्बन पृथक्करण को बढ़ावा देना है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के सीईओ अरुण मिश्रा ने कहा विश्व की सबसे सस्टेनेबल धातु और खनन कंपनी के रूप में निरंतर कॉर्पोरेट पर्यावरणीय जिम्मेदारी में मानक स्थापित कर रहे हैं। माइकोराइजा तकनीक का उपयोग कर जारोफिक्स यार्ड को हरा भरा करना हमारी अभिनव भावना और सस्टेनेबल संचालन के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हम उदाहरण प्रस्तुत कर औद्योगिक उप-उत्पादों को हरित परिसंपत्तियों में बदलने में अग्रणी उद्योग है।

# विश्व हिन्दु परिषद के 60 वर्ष पूर्ण होने पर षष्ठी कार्यक्रम के तहत ब्यावर में त्रिशुल दिक्षा कार्यक्रम सम्पन्न, 1100 बजरंगियों को बांटे त्रिशुल



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान )।** विश्व हिन्दु परिषद ब्यावर के तत्वावधान में बजरंग दल के 1100 कार्यकर्ताओं को त्रिशुल बांटकर उन्हें त्रिशुल दिक्षा दिलाई गयी। यह कार्यक्रम विश्व हिन्दु परिषद की स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम के दौरान प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन भी सम्पन्न हुआ।

विश्व हिन्दु परिषद के 60 वर्ष पूर्ण होने पर षष्ठी पूर्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन एवं त्रिशुल दिक्षा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विश्व हिन्दु परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विजय शंकर तिवारी ने बुधवार को जवाहर भवन में सभी बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को त्रिशुल दिक्षा दिलाते हुए कहा कि विश्व हिन्दु परिषद 60 वर्ष को हो गया है इसका मतलब यह नहीं कि सेवानिवृत्त हो गया हैं या बुढा हो गया है। यह किशोरावस्था से निकलकर युवावस्था में आ चुका हैं। विश्व हिन्दु परिषद हमेशा अपने प्रस्तावित कार्यक्रमों के तहत हिन्दूत्व की रक्षा करते हुये आगे बढ रहा हैं। उन्होंने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं से भी आव्हान करते हुए कहा कि वह अपने हिन्दुत्व के लिये यदि प्राण न्यौछावर भी करने पडे तो कर देने चाहिये। इस अवसर पर विश्व हिन्दु परिषद के जिला अध्यक्ष सुरेश वैष्णव ने बताया कि समारोह में 1100 बजरंगी कार्यकर्ताओं ने बडे ही उत्साह व उमंग के साथ त्रिशुल दिक्षा ग्रहण की और इस दिक्षा के दौरान धर्म की रक्षा करने के लिये संकल्प भी दिलाया। उन्होंने पत्रकारों के एक सवाल पर कहा कि त्रिशुल जैसी दिक्षा का औचित्य क्या है तो उस पर उन्होंने जवाब देते हुये कहा जब-जब धर्म की हानी होते है तब-तब उसकी रक्षा के लिये कोई न कोई महापुरूष व देवताओं ने हथियार उठाकर उसकी रक्षा की है।

इसी तरह का संकल्प बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय प्रवक्ता विजय शंकर त्रिपाठी व अर्जुन राम जी महाराज ने दिलाया।

# धौलपुर में चंबल नदी का जलस्तर पंहुचा खतरे के निशान के करीब,सावन के महीने में मेघ हुए मेहबान,औसत से 17 फीसदी अधिक बरसात

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (नि.स.)। देश और प्रदेश के साथ-साथ सावन के महीने में धौलपुर में भी मेघ मेहरबान रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि अभी तक धौलपुर में औसत से करीब 17 फीसदी अधिक बरसात हो चुकी है। प्रदेश के हाडौती अंचल में हुई बरसात के बाद में चंबल नदी में पानी की आवक होने से चंबल नदी का जलस्तर खतरे के निशान के नजदीक पंहुच चुका है। इसके साथ ही जिले में हो रही बरसात से पार्वती सहित अन्य बांध और तालाब लबालब हो चुके हैं। करौली जिले तथा धौलपुर के डांग इलाके में बरसात के बाद में पार्वती बांध में पानी की लगातार आवक हो रही है,जिसके बाद में बांध के गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। मध्यप्रदेश एवं प्रदेश के हाडौती समेत अन्य इलाकों में बरसात होने के कारण चंबल नदी में पानी की आवक हो रही है। जिसके चलते धौलपुर में चंबल नदी का जलस्तर खतरे के निशान के नजदीक बना हुआ है। चंबल नदी में पानी की आवक को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है तथा किनारे वाले स्थानों पर नजर रखी जा रही है। सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता सुरेश मीना ने बताया कि बुधवार शाम को 4 बजे चंबल नदी का जलस्तर 128.70 मीटर रिकार्ड किया गया। चंबल नदी का वार्निंग लेवल 129.79 मीटर है,जबकि खतरे का निशान 130.79 मीटर है। करीब एक पखवाडे पूर्व चंबल नदी का जलस्तर 130 मीटर तक जा पंहुचा था। चंबल में पानी की आवक को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा चंबल नदी के जलस्तर पर करीबी नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही करौली जिले में हुई तेज बरसात के बाद में डांग इलाके में पानी की आवक होने के चलते चार दिन पूर्व पार्वती बांध के गेट खोलने पडे। अधीक्षण अभियंता मीना ने बताया कि पार्वती बांध की कुल भराव क्षमता 223.41 मीटर है। पार्वती बांध में जलस्तर के 223.40 मीटर होने के बाद में बांध के दस गेट खोले गए थे। बुधवार को भी पार्वती बांध के दो गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता सुरेश कुमार मीना ने बताया कि धौलपुर जिले में बरसात का औसत 600 मिमी है। जबकि इसके विपरीत आज तक 764 मिमी से अधिक बरसात हो चुकी है जो करीब 117 प्रतिशत है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक धौलपुर जिले के राजाखेड़ा क्षेत्र में सबसे अधिक 902 में तथा आगे क्षेत्र में सबसे कम 553 मिमी बरसात हुई है। जिले के धौलपुर में 772 मिमी,बाड़ी में 847 मिमी,बसेड़ी में 760 मिमी,सेपयु में 653 मिमी,तलाबशाही में 755 मिमी तथा उर्मिला सागर में 873 मिमी बरसात हुई है। उधर, जिले में जारी भारी बरसात के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न होने पर जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने शहर के प्रभावित जल भराव क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सैंपऊ रोड़, जगदीश तिराहा एवं बाड़ी रोड पर स्थित दुकानों एवं बाजार के जलभराव क्षेत्रों का निरीक्षण किया तथा नगर परिषद को जल निकासी के निर्देश दिए।

# वार्ड 17 से निर्विरोध पार्षद बनी कांग्रेस की सना परवीन : भाजपा को लगा तगड़ा झटका

भाजपा की शबनम ने कांग्रेस की रीति नीति में विश्वास करते हुए वापस लिया नाम, तीन वार्डों में हो रहे हैं उपचुनाव

बढ़ता राजस्थान



**अंता ( शफीक मंसूरी )।** अंता नगर पालिका में तीन वार्डों के लिए उपचुनाव हो रहे है। 28 और 29 को नाम वापसी का समय था। इस बीच वार्ड 17 में भाजपा की उम्मीदवार शबनम ने नाम वापसी से एक दिन पहले अपना नाम वापस ले लिया है। इसके बाद कांग्रेस उम्मीदवार पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया के नजदीक शारिक खान की पत्नी सना परवीन निर्विरोध पार्षद बन गई है। अब वार्ड 15 और 28 में चुनाव होने है। अभी तीनों वार्डो में कुल 9 प्रत्याशी मैदान में है।

निर्वाचन अधिकारी संजना जोशी ने बताया कि 28 और 29 अगस्त को नगर पालिका उपचुनाव को लेकर नाम वापसी का समय है। इसके तहत बुधवार को शबनम ने वार्ड नंबर 17 प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन वापस ले लिया। बीजेपी पार्षद के नाम वापस लेने से कांग्रेस पार्षद को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। यह एक राजनीतिक घटना है जिसमें एक प्रत्याशी के नाम वापस लेने से दूसरे प्रत्याशी को जीत मिली है। इससे यह साबित होता है कि राजनीति में कभी-कभी अप्रत्याशित घटनाएं घटित हो सकती हैं।

# फतेहगढ़ सल्ला मे स्कूल को आवंटित भूमि को निरस्त कर चारागाह बारानी में स्थानान्तरित करने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान )।** ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान )। ब्यावर, जिले के ब्यावर तहसील के अन्तर्गत आने वाले गांव फतेहगढ सल्ला के ग्रामीणों ने बुधवार को जिला कलेक्टर उत्सव कौशल को एक ज्ञापन सौंपकर सिवायचक भूमि के खसरा नं. 480 को शाला भवन एवं मैदान हेतु आवंटित की गई है उसे निरस्त कर 30-40 वर्षो से रह रहे कब्जाधारियों को नियमित करने की मांग की हैं।

ग्राम फतेहगढ सल्ला के सैकडों ग्रामीणों ने अपने हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन मे बताया कि गांव की भूमि जिसका खसरा नं. 480 हैं वह सिवायचक भूमि हैं। इस सिवायचक भूमि पर गांव के सैकडों लोगों ने अपने पक्के मकान, होद, खेली आदि बना रखे हैं। इसी जमीन के पास इनकी खेतियां भूमि भी हैं जिसमें तारबन्दी, बोरिंग, बिजली कनेक्शन आदि ले रखे हैं और पिछले 35-40 वर्षो से इनका कब्जा चला आ रहा हैं। इस मामले को लेकर गत 15 अगस्त 2024 को ग्रामसभा में प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित कर



खसरा नं. 1299/1155 किस्म चारागाह बारानी 03 रक्बा 2.7674 हैक्टर पर राजकीय माध्यमिक विद्यालय फतेहगढ सल्ला हेतु खेत, मैदान एवं बिल्डिंग बनाई जावे एवं खसरा नं. 480 को आबादी भूमि घोषित किया जावे। जिला कलेक्टर ने इस मामले में राजस्व विभाग से रिकॉर्ड लेकर अग्रिम कार्यवाही के लिये आश्वस्त किया।

ज्ञापन देने वालों में रामसिंह, पूर्व सरपंच रूपनगर सायरी, सोहन सिंह, नरेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, रतन सिंह आदि प्रमुख थे। इसके अलावा जिला परिषद सदस्य वार्ड सं. 6 से अमृता सिंह गुर्जर ने भी अपना पत्र लिखा हैं। ग्राम पंचायत फतेहगढ सल्ला के सरपंच आमना ने भी जिला कलेक्टर को पत्र सौंपकर प्रस्तावित स्कूल की भूमि को ग्राम पंचायत मे लिये गये प्रस्ताव के तहत खसरा नं 12991299/1155 चारागाह बारानी पर स्थापित करने की मांग की हैं।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत न्यायिक अधिकारियों ने नगर वन में किया पौधारोपण

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से एक पेड मां के नाम अभियान के तहत आज प्रात: कटीघाटी स्थित नगर वन में जिला एवं सेशन न्यायाधीश श्री हरेंद्र सिंह की अगुवाई में न्यायिक अधिकारियों ने वृहद स्तर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

जिला एवं सेशन न्यायाधीश श्री सिंह कहा की विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देशव्यापी अभियान के रूप में एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत कर लोगों से अपनी मां के प्रति प्रेम और सम्मान के प्रतीक के रूप में और धरती मां की रक्षा और संरक्षण के लिए पेड़ लगाने का आह्वान किया। इसी क्रम में ही माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर एवं विधि एवं न्याय मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप अलवर मुख्यालय एवं समस्त ताल्लुका मुख्यालयों पर स्थित न्यायालयों में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का संचालन किया जा रहा है इससे पर्यावरण का संतुलन बना रहता है।

उन्होंने बताया गया कि अभियान के तहत आज नगर वन कटी घाटी में चारों तरफ बाउड्री होने से रोपित किए गए पौधे सुरक्षित रहेंगे तथा उनकी नियमित देखभाल होती रहेगी एवं न्यायिक अधिकारी भी समय पर आकर इन पौधों को संभालते रहेंगे। उन्होंने आमजन से भी यह अपील कि की प्रत्येक व्यक्ति अधिक से अधिक पौधारोपण कर इस अभियान को सफल बनाए। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोहन लाल सोनी ने बताया कि स्वस्थ वातावरण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सबको न केवल पौधे लगाने चाहिए बल्कि उनकी देखभाल की भी करना बेहद आवश्यक है। इस दौरान श्रम न्यायाधीश आरती भारद्वाज, विशिष्ट न्यायाधीश एसीडी न्यायालय अरूण कुमार बेरिवाल, न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय संख्या 1 अलवर अनिल कौशिक, न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय संख्या 2 अलवर राजेंद्र कुमार सैनी, विशिष्ट न्यायाधीश पोक्सो न्यायालय संख्या 4 हिमांकनी गौड़ व समस्त वरिष्ठ न्यायिक अधिकारीगण तथा डीएफओ राजेन्द्र हुड्डा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर से अनिता यादव, उपेन्द्र शर्मा,अमित अरोड़ा, विजय सैनी, पुनित शर्मा एवं अंकित मंगल तथा सतीश सिंह, न्याय विभाग एवं वन विभाग के कार्मिक उपस्थित रहे।




# शाखा स्तरीय समूह गान प्रतियोगिता 2024 का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़( सुभाष यादव )।** भारत विकास परिषद राठ शाखा बहरोड द्वारा बुधवार को पैराडाइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल बहरोड में शाखा स्तरीय समूह गान प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता व स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व वंदे मातरम गीत के साथ किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिवचरण यादव चेयरमैन पैराडाइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल बहरोड रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में परिषद के कार्यों व आज के कार्यक्रम में भाग लेने वाली टीमों की भी भूरी भूरी प्रशंसा की।शाखा अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक रूप किशोर गुप्ता ने परिषद व समूह गान प्रतियोगिता के बारे में विस्तार से बताया व कार्यक्रम में शामिल सभी टीमों को प्रतियोगिता के नियमों की जानकारी भी प्रदान की। कार्यक्रम में चार स्कूलों ने भाग लिया जिसमें प्रथम पुरस्कार एमडीवीएम पारले स्कूल नीमराना , द्वितीय पुरस्कार डीएवी पब्लिक स्कूल बहरोड, तृतीय पुरस्कार आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल सोतनाला एवं सांत्वना पुरस्कार तक्षशिला पब्लिक स्कूल बहरोड ने प्राप्त किया। जज के रूप में महेंद्र शर्मा आसाराम मेहरा तेजसिंह ने अपनी गरिमामई उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में परिषद के संरक्षक सतीश गुप्ता प्रांतीय प्रकल्प प्रमुख प्रकाश जांगिड़ जिला सह समन्वयक सतबीर यादव शाखा अध्यक्ष रूप किशोर गुप्ता सचिव श्री अनिल कुमार यादव एस. सी गुप्ता घनश्याम यादव योगाचार्य बृजराज सिंह शिव शंकर अग्रवाल दीपक यादव एवं वसंती यादव सहित परिषद के सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों के लिए परिषद द्वारा अल्पाहार की व्यवस्था रही।।कार्यक्रम का सुंदर संयोजन संयोजक रूप किशोर गुप्ता एवं सह संयोजक शिवशंकर अग्रवाल ने किया।।मंच संचालन सचिव अनिल कुमार यादव ने किया।

# जिले में 2 लाख से अधिक सदस्य बनायेंगे : डॉ शिवचरण कुशवाहा

## योजनावद्ध तरीके से काम करके अधिक से अधिक सदस्य जोड़ेंगे : धीर सिंह जादौन

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** दिनांक 28 अगस्त 2024 को पुराना शहर मंडल की जजुआ वाली माता मंदिर पर सदस्यता अभियान को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया । बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मुश्ताक कुरैशी की मुख्य अथिति भाजपा के पूर्व प्रत्याशी शिवचरण कुशवाहा रहे, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष धीर सिंह जादौन, मंडल प्रभारी वाचाराम बघेल उपस्थित रहे । कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर की गई । कार्यशाला को संबोधित करते हुए डॉक्टर शिवचरण कुशवाहा ने कहा की 2 सितंबर से सदस्यता अभियान की शुरुआत हो रही है, जिले को 2 लाख सदस्य जोड़ने का लक्ष्य मिला है उससे अधिक ही हम नए सदस्य बनाएंगे और भारतीय जनता पार्टी विश्व की नंबर पार्टी है, जिला उपाध्यक्ष एवं जिला संयोजक सदस्यता अभियान धीर सिंह जादौन ने कार्यशाला में बोलते हुए कार्यकर्ताओं को विस्तृत रूप से समझाया कि किन-किन माध्यमों के द्वारा हम नए सदस्य जोड़ सकते हैं, योजनावद्ध तरीके से काम करके हम अधिक से अधिक सदस्य जोड़ने हैं महिलाओं की, युवाओं की एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की टीम बनाकर घर-घर मोहल्ले मोहल्ले जाना होगा एवं प्रमुख चौराहों पर शिविर लगाकर अभियान को उच्चतम शिखर पर पहुंचाएंगे। मंडल प्रभारी वाचरम बघेल ने कहा कि बूथ स्तर पर संयोजक, सहसंयोजकों की शीघ्र नियुक्ति कर कार्यक्रम को सफल बनाने का हमारा संकल्प है जिससे हम अधिक से अधिक नए सदस्यों तक पहुंच सकेंगे, भरतपुर संभाग सह मीडिया प्रभारी मुकेश सक्सेना ने कहा कि मोबाइल पर मिस कॉल इस नम्बर पर 8800002024 मिस करके क्यूआर कोड के द्वारा एवं भाजपा की वेबसाइट पर जाकर हम सदस्य बना सकते हैं। मंडल अध्यक्ष मुश्ताक कुरैशी ने अधिक से अधिक सदस्य बनाने का आश्वासन दिया और सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी का धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन फैजल खान ने किया कार्यक्रम में मंडल संयोजक रजत जनसघी, मंडल अध्यक्ष जाटोली प्रदीप सिसोदिया, रितेश सक्सेना सोशल मीडिया संयोजक, पार्षद प्रतिनिधि महेश कोली, पूर्व पार्षद सुनील नरवार, अविनाश परमार, महावीर प्रसाद गर्ग, लक्ष्मण कोली, पूर्व पार्षद इंद्रलाल कोली, अतुल होंडावाल राकेश कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बुजुर्ग दम्पति के साथ घर में घुसकर लूट, साढ़े तीन लाख के जेवर लेकर लुटेरे हुए फरार

बढ़ता राजस्थान



**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** केकड़ी जिला सदर थाना क्षेत्र के कादेड़ा कस्बे में मंगलवार अर्धरात्रि कुछ अज्ञात बदमाशों ने एक घर में घुसकर बुजुर्ग दंपत्ति को लूट लिया। छीना झपटी में लूट का शिकार बुजुर्ग चोटिल हो गया। बदमाश उनसे करीब साढ़े तीन लाख रुपये के सोने के जेवर लूटकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस रात को ही मौके पर पहुंच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कादेड़ा कस्बे में मंगलवार रात को करीब साढ़े बारह बजे तीन बदमाश केकड़ी रोड स्थित लादूराम तेली के घर में घुस गए और चारपाई पर सो रहे अस्सी वर्षीय लादूराम व उसकी पत्नी पर लूट के इरादे से हमला बोल दिया। बदमाशों ने लादूराम पुत्र मांगीलाल तेली के कानों में पहने तीन तोला सोने के झेला-मुरकी व उसकी पत्नी कल्याणी के गले से दो तोला सोने की रामनवमी को लूट कर भाग गए। छीना-झपटी में लादूराम तेली के कानों में चोट आ गई और खून बहने लग गया। बाद में बुजुर्ग दंपति ने घर की प्रथम मंजिल पर सो रहे अपने बेटे को आवाज लगाई और वारदात की जानकारी दी।लूट की घटना के बाद मोहल्ले में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना मिलने पर देर रात को ही सदर पुलिस थाने के एएसआई प्रभुलाल मीणा मय पुलिस जाब्ते के मौके पर पहुंच गए। पुलिस पीड़ित द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर अज्ञात बदमाशों की तलाश कर रही है।

# बुजुर्ग महिला को मारी अज्ञात वाहन ने टक्कर, गंभीर हालत में धौलपुर रेफर

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** शहर के बसेड़ी रोड पर मंगलवार की देर शाम बाबा विशिंगिर के दर्शन कर अपने गांव लौट रही एक बुजुर्ग महिला को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में घायल महिला को लोगों की मदद से बाड़ी अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद महिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल धौलपुर रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार यूपी के जगनेर थाना क्षेत्र के सरिंधी गांव निवासी 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला सुखदेई पत्नी बाबूलाल जाटव सोमवार की शाम को बाड़ी आई थी। जो रात में अपनी किसी रिश्तेदारी में रुकी और मंगलवार सुबह रामसागर बांध किनारे बाबा विशिंगिर के दर्शन करने गई। जहां से देर शाम वापस लौटने पर अपने गांव सरिंधी जा रही थी। जिसके लिए बसेड़ी रोड़ पर वाहन के इंतजार में खड़ी थी। मंगलवार की शाम करीब 7.30 बजे किसी अज्ञात वाहन ने बसेड़ी रोड़ पर अकेली खड़ी बुजुर्ग महिला को टक्कर मार दी और मौके से गायब हो गया। दुर्घटना में घायल महिला सड़क पर गिरकर वेसुध हो गई। जिसे आसपास के लोगों ने देखा तो मौके से गुजर रहे एक टेम्पो की मदद से बाड़ी अस्पताल पहुंचाया और भर्ती कराया। जहां महिला के रिश्तेदारों के आने पर चिकित्सकों ने महिला के सिर में गंभीर चोट होने और हेड इंजरी का मामला होने के चलते जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। घटना को लेकर अस्पताल प्रशासन ने सदर थाना पुलिस को भी जानकारी दी गई है। सदर पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# बयालीस हजार से अधिक किमी की यात्रा के अंतिम चरण में बुधवार को केकड़ी पंहुचा श्याम आराधना रथ, श्रद्धालुओ ने किया भव्य स्वागत



बढ़ता राजस्थान

केकड़ी (संजय कटारिया)। संत गिरिराजशरणजी महाराज के सानिध्य में श्री श्याम आराधना अखंड ज्योति दर्शन रथ आज बुधवार को केकड़ी पहुंचा। समस्त भारत में करीब साढ़े बयालीस हजार किलोमीटर की अपनी यात्रा के अंतिम चरण में केकड़ी आये इस रथ की यहां श्यामभक्तों व नगरवासियों द्वारा भव्य अगवानी की गई। दोपहर साढ़े तीन बजे यहां कोटा रोड़ स्थित भैरू गेट पर यात्रा का श्यामभक्तों व नगरवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात अखंड ज्योत एवं सेठ जी महाराज के दर्शन के लिए शोभायात्रा जुलूस निकाला गया, जो पुरानी केकड़ी, चारभुजा मंदिर, सदर बाजार, घंटाघर, कृषि उपज मंडी होते हुए पोकी नाडी स्थित श्याम मंदिर पहुंचा, जहां एक भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया।गौरतलब है कि यह रथ यात्रा इक्कीस मार्च को खाटू धाम से प्रारंभ हुई थी, जो भारत के बारह ज्योतिर्लिंग, चार धाम, सात पुरी तथा 33 पवित्र नदियों एवं तीन महासागरों हिंद महासागर, बंगाल की खाड़ी व अरब सागर में स्नान कर समस्त धार्मिक स्थलों का दर्शन करते हुए कुल 42 हजार 410 किमी दूरी तय कर 31 अगस्त को रींगस होते हुए खाटूधाम पहुंचकर सम्पन्न होगी।

# रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता के नेतृत्व में अलवर में पुनः लायनिजम जिन्दा हुआ : पीडीजी लायन मानक चन्द गुप्ता

## शिक्षक दिवस से अलवर के तीनो क्लब्स हर सेवा एक्टिविटी संयुक्त रूप से करेंगे, नयी शुरुआत लिखेगी इतिहास - लायन गिरीश गुप्ता

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** विश्व की सबसे बड़ी सेवा संस्था लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 ई 1 के रीजन 2 सांवरियाँ के अंतर्गत अलवर शहर के आने वाले तीनो क्लब्स लायंस क्लब अलवर , लायंस क्लब अलवर सिटी एवं लायंस क्लब अलवर मत्स्य ने आज आयोजित मीटिंग में यह निर्णय लिया कि आगामी 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस से हर एक्टिविटी को अलवर के तीनो क्लब मेम्बर्स संयुक्त रूप से किया करेंगे । लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 ई 1 के 1987 - 88 के प्रान्त में अभी सबसे सीनियर पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन मानक चन्द गुप्ता के जन्मोत्सव को रीजन 2 सांवरियाँ के अंतर्गत अलवर शहर के तीनो क्लब्स लायंस क्लब अलवर , लायंस क्लब अलवर सिटी एवं लायंस क्लब अलवर मत्स्य ने मिलकर बड़ी धूमधाम से मनाया जिसमे फूलो की मालाओ से सम्मानित करके केक कटवाया साथ ही फलो की टोकरी देकर उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की मंगल कामनाये करी ।इस मौके पर दूसरे पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन इंजी. सुभाष जोशी ,रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता, रीजन सेक्रेटरी लायन सत्यनारायण खण्डेलवाल, लायंस क्लब अलवर के अध्यक्ष लायन रविन्द्र गर्ग , सचिव लायन जी.एल.गुप्ता , कोषाध्यक्ष लायन अमित खण्डेलवाल सहित बड़ी संख्या में लायन लीडर्स उपस्थित रहे। इस मौके पर पीडीजी लायन मानक चन्द गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज मेरे जन्मदिन पर लग रहा है कि रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता के नेतृत्व में अलवर में पुन: लायनिजम जिन्दा हुआ है और इनकी लीडरशिप में निश्चित तौर पर लायंस मेम्बर संगठित होकर जल्द ही एक नया इतहास रचने वाले है ।

इस मौके पर डिस्ट्रिक्ट 3233 ई 1 के गवर्नर पीएमजेएफ लायन सुनील अरोड़ा एवं पीडीजी पीएमजेएफ लायन विनोद गोयल , रीजन 2 सांवरियाँ की रीजन एडमिनिस्ट्रेटर लायन अल्का मित्तल ने विडियो कांफ्रेंस द्वारा लायन मानक चन्द गुप्ता को जन्मदिन की मंगल शुभकामनाये प्रेषित करी ।

# उपकारागाह मे सात दिवसीय राजयोग शिविर का आयोजन किया



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र द्वारा के उपकारागाह मे सात दिवसीय राजयोग शिविर का आयोजन किया गया । बुधवार पहले दिन बीके लक्ष्मी बहन ने मानव जीवन के लक्ष्य को समझाते हुए कहा कि मानव जीवन बड़े ही सत्य कर्मों के बाद मिलता है इसलिए इसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए हमें सदा अपने कर्मों को महान बनाना है नर ऐसी करनी करें नारायण कहलाए नारी ऐसी करनी करें श्री लक्ष्मी बन जाए लक्ष्मी बहन ने राजयोग का पहला अध्याय समझते हुए कहा कि मनुष्य तन को चलाने वाली आत्मा है आत्मा मन बुद्धि संस्कार से मिलकर बनती है आत्मा निराकार है अति सूक्ष्म है आत्मा असीम शक्तियों से भरपूर है मनुष्य को क्या बना है महान आत्मा बना है पूज्य आत्मा बना है देव आत्मा बना है यह सब हमारे ही कर्मों पर आधारित होता है इस अवसर पर सब जेल इंचार्ज प्रेम मीणा ने कहा कि ब्रह्मा कुमारीज बहनों द्वारा किए गए अध्यात्मिक सत्संग से कैदियों की जीवन में परिवर्तन आता है तो मै अपने आप को धन्य समझूंगा इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी से जुड़े हुए बीके शीला बहन एडवोकेट कैलाश भाई मौजूद रहे।

# भाजपा की बूथ स्तरीय कार्यशाला बैठक का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** कंचनपुर मंडल के ग्राम पंचायत रहल में बाबा रामगिरी के मंदिर पर भाजपा की बूथ स्तरीय कार्यशाला बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव के प्रचार प्रसार की और बूथ प्रबंधन की जानकारी कार्यकर्ताओं से ली। बैठक में पधारे मुख्य अतिथि के रूप में संभाग प्रभारी हेमराज मीणा, प्रदेश उपाध्यक्ष एसटी मोर्चा राज बहादुर मीणा, धौलपुर जिला उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा और रणवीर सिंह गुर्जर का माला साफा पहनाकर स्वागत किया गया, बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राम प्रसाद गोस्वामी के द्वारा रही, जिसमें हेमराज मीणा ने बताया कि कैसे प्रत्येक कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर जाकर लाभार्थीओ से युवाओं से और प्रत्येक वोटर से मिलकर के देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की योजनाओं के बारे में बताएं और सभी को 19 अप्रैल को भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील करें और 11 तारीख को करौली में आयोजित मोदी जी की सभा में प्रत्येक बूथ से कार्यकर्ताओं के जाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश शक्ति केंद्र संयोजकों को दिए गए। बैठक में मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा मानवेंद्र सिंह परमार, मंडल महामंत्री राजवीर राणा, अमरीश गुर्जर उपाध्यक्ष कंचन सिंह रणवीर सिंह रामजीलाल गोस्वामी हरि सिंह गुर्जर मोनू परमार दीपक शर्मा युवा मोर्चा बारी शहर हरिमोहन गोस्वामी बसंती जाटव सुभाष तोमर केदार कुशवाहा धर्म सिंह मीणा जितेंद्र गोस्वामी विजय कुमार रिंकू शर्मा अमर सिंह गुर्जर बबलू परमार नितिन राजपूत वचन सिंह अवधेश जादौन सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# अत्यधिक बारिश से खेतो में भरा पानी, किसान की फसल हुई चौपट

## गिरदावरी कराने और किसान को मुआवजे की मांग को लेकर कांग्रेस का ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** राजस्थान सहित धौलपुर जिले में इस बार मानसूनी बारिश के औसत से अधिक होने और लगातार बारिश के चलते खेत मे खरीफ की फसल के खराब होने की आशंका है। ऐसे में किसानों की इस परेशानी को लेकर बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन एसडीएम राधेश्याम मीणा को सौपा है। कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र मीणा के नेतृत्व में सौंपे ज्ञापन में मांग की गई है कि अत्यधिक वर्षा के चलते खेतों में किसानों की फसल खराब हो गई है। ऐसे में सरकार से तुरंत गिरदावरी कराने और किसानों को मुआवजा दिलाये जाने की मांग की है। ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र मीणा के साथ बड़े बुजुर्ग पार्षद राजकुमार भारद्वाज,पूर्व नगर अध्यक्ष रामसेवक अजर, निजामुद्दीन खां सहित तमाम कांग्रेसियों ने ज्ञापन के दौरान बताया कि इस बार मानसूनी सीजन में क्षेत्र में तेज बारिश हुई है। इस बारिश का असर यह है कि जहां नदी नाले और बांधों में पानी लबालब हो गया है वहीं दूसरी तरफ किसानों की फसल तबाह हो गई है। खरीफ की फसल के रूप में बोये बाजारा,तिली,उड़द,मोठ,मूंग,अरहर सहित अन्य फैसले खराब हो गई है। खेतों में पानी भरा हुआ है। हालात यह हैं कि बाजरे के बीज कई बार बोने के बाद भी फसल नही हो पा रही है। जैसे ही बीज बोकर उसमें अंकुरण होता है तब तक बारिश हो जाती है। इसी के चलते अब किसान पूरी तरह टूट गया है और उसे खरीफ की फसल की कोई आस नहीं है। आर्थिक रूप से पूर्व से परेशान चल रहे किसान को इस समय सरकार के मदद की जरूरत है। जिसको लेकर ब्लॉक कांग्रेस पार्टी सरकार से मांग करती है कि उक्त संवेदनशील समस्या पर तुरंत गिरदावरी कराए और किसानों को उसकी फसल के अनुसार मुआवजा दिया जाए। विरोध प्रदर्शन और ज्ञापन के दौरान ब्लॉक कांग्रेस पार्टी के निजामुद्दीन खां,पार्षद हरि पहाड़ियां,राजकुमार कंसाना, गजेंद्र गोस्वामी,जिला सेवादल की पदाधिकारी रोशनी शिवहरे,हरि जाटव,लाखन सिंह,राकेश अजर,महादेव मीणा,मनीष मंगल,लज्जाराम कोली,अनिल अरेला, शिवकेश मीणा,मनरूप मीणा सहित तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे।

# वंचितों को मूल धारा में लाना ही होगा, यह हमारा अधिकार

# आरक्षण उप वर्गीकरण संघर्ष समिति ने निकाली धन्यवाद रैली

## हरियाणा, पंजाब, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना में किया गया वर्गीकरण, राजस्थान में भी होना चाहिए

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** वंचितों को मूल धारा में लाने की मांग को लेकर आरक्षण उप वर्गीकरण संघर्ष समिति ने बुधवार को हजारों की संख्या में विशाल धन्यवाद रैली निकाली। कोटा संभाग से वाल्मीकि समाज के लोग नागाजी के बाग में एकत्रित हुए। महिलाएं, युवा और बुजुर्गों ने मिलकर अपने हक अधिकार के लिए वियची शंखनाद किया। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत किया गया और एक ज्ञापन जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया, जिसमें कोटे में से कोटा राजस्थान में लागू करने की मांग की गई।

आरक्षण उप वर्गीकरण समिति कोटा के सदस्य राकेश सफेला ने कहा कि विशाल रैली के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट का आभार व्यक्त किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहें। समिति सदस्य राकेश सफेला ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारा इतिहास आंदोलन का रहा है, जब भी देश और धर्म के लिए आंदोलन हुए हैं वाल्मीकि समाज हमेशा ही अग्रिम पंक्ति में खड़ा रहा, लेकिन जब भी हमारे हक की बात आई वह अपने हक की लड़ाई संघर्ष से नहीं लड़ सका और पिछड़ता चला गया। आज इस वंचित वर्ग को आगे लाने के लिए सुप्रीम कोर्ट का फैसला काफी सराहनीय है, जो वंचित वर्ग के लिए वरदान साबित होगा। इस दौरान कई पदाधिकारियों ने भी सम्बोधित किया।



**जिन्होंने भारत बंद किया, उन्हें सम्मान से वंचित वर्ग को आगे लाना चाहिए था:** पूर्व जिला प्रमुख राकेश बोयत ने कहा कि हमारी मांग है कि मुख्यमंत्री इस मामले में तत्परता दिखाएं और शीघ्र ही इसे राजस्थान में भी लागू किया जाए। अब हम इस आंदोलन के माध्यम से हमारे वंचित वर्ग को आगे लाने के लिए पुरजोर आंदोलन करेंगे, इसके लिए जब तक हम अपना हक नहीं ले लेते यह आंदोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर पंकज घेंघट, सोनी नरवाल, अमर धामुनिया, सत्यनारायण सिंगोर, सपना बुर्ट, रेखा कलोसिया, त्रिलोक चंद डागर, पूर्व पार्षद सूरज पचेरवाल, कार्यक्रम का संचालन दिनेश सरसिया द्वारा किया गया, धन्यवाद नीरज महाराजा एवं श्रीनाथ कलोसिया द्वारा दिया गया। इस आयोजन के सफलता पूर्ण संपन्न होने में शिवराज पंवार, त्रिलोक चंद डागर, सूरज पचेरवाल, कुलदीप सारवाल, ललित घेंघट, सुरेश बारोलिया, अक्षय वाल्मीकि, अजय बारोसिया, बालचंद आर्य, शैलेंद्र महाराजा, मानसिंह महाराजा, जगदीश नरवाला का भी योगदान रहा। अभिनव सिंगोर, कुंदन पंवार, राम प्रसाद पचेरवाल, धीरज सरसिया, आचार्य गणेश झावा, रामस्वरूप भंडारी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### आजादी के बाद से वंचित रहे, लेकिन अब नहीं रखेंगे

संघर्ष समिति के कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार सरसिया ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने आर्टिकल 341 की पालना करते हुए डॉ. अंबेडकर के स्वप्न को पूरा करने का काम किया है। संविधान में आरक्षण को लेकर अंबेडकर के विचार है कि आरक्षण वंचितों के संरक्षण के लिए है और इस जजमेंट में भी यही उल्लेख किया है कि एससी/एसटी जातियों में वर्षों से जो जातियां जैसे वाल्मीकि,आदिवासी भील,घुमंतु,लुहार,धानक,नट,सफेरा,कालबेलिया, खटीक,सांसी आदि जो मुख्य धारा से पीछे छूट गए है, उन्हें आगे लाने का अवसर देने वाला जजमेंट है।

# 18 लाख की नशे की खेप पकड़ी, 4 तस्कर गिरफ्तार : लग्जरी कार से 94 किलो, स्टेशन की पार्किंग से 21 किलो डोडा चूरा बरामद

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** कोटा पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। शहर व ग्रामीण की टीमों ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए 116 किलो डोडाचूरा पकड़ा है, जिसकी बाजार कीमत 18 लाख रुपए के आस-पास बताई गई है। तस्करी के आरोप में 4 लोगों को पकड़ा है। इनमें से दो के पास से लग्जरी कार भी जब्त की है।डीएसपी वृत सांगोद नरेंद्र नागर ने बताया- 27 अगस्त को थाना टीम नागराखेड़ी बंदा पनवाड रोड पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पनवाड की तरफ से एक जयपुर नंबर की कार आई। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने कार को रुकवाया। कार की तलाशी में 6 प्लास्टिक के कट्टे मिले। कट् ?टों में 94 किलो 795 ग्राम अफीम का डोडा चूरा भरा था।

### तस्करों के नेटवर्क के बारे में होगी पूछताछ

डोडा चूरा की बाजार कीमत 14 लाख 21 हजार 900 रुपए के आस-पास थी। मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में लालचंद (35) व गजेंद्र (28) निवासी हरनावदाशाहजी थाना क्षेत्र जिला बारां को गिरफ्तार किया। दोनों से नशे के तस्करी नेटवर्क के बारे में पूछताछ की जा रही है।

### कार पार्किंग से दो तस्करों को पकड़ा

शहर की भीमगंजमंडी थाना पुलिस ने भी रेलवे स्टेशन की कार पार्किंग से दो तस्करों को पकड़ा है। उनके पास से 21 किलो 630 ग्राम डोडा चूरा जब्त किया है, जिसकी बाजार कीमत 3 लाख 25 हजार के आसपास बताई गई है। डीएसपी गंगासहाय शर्मा ने बताया कि 27 अगस्त को कोटा जंक्शन के पास गश्त के दौरान पुलिस की टीम को टंकी के पास कार पार्किंग में दो व्यक्ति खड़े मिले। जिनके पास बैग थे। पूछताछ में अपना नाम विक्रम सिंह (38) निवासी मंडवाल थाना राजौंद, जिला कैथल हरियाणा व हरदीप सिंह (35) निवासी खेरी सर्फ अली थाना असन्द जिला करनाल हरियाणा होना बताया। दोनों के पास बैग से 21 किलो 630 ग्राम डोडा चूरा बरामद किया। आरोपियों से डोडा चूरा खरीद फरोख्त के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# कांस्टेबल पर दुष्कर्म का आरोप, कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने किया आत्महत्या का प्रयास

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** जिले में एक और पुलिसकर्मी पर दुष्कर्म का आरोप लगा है। पीड़िता ने जिले में तैनात एक कांस्टेबल के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करवाया था, लेकिन उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से पीड़िता ने आहत होकर बुधवार को आत्महत्या का प्रयास किया। तबीयत बिगड़ने पर उसे एमबीएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उसका इलाज जारी है। चिकित्सकों ने उसे खतरे के बाहर बताया है। नयापुरा थाने के पुलिस निरीक्षक लक्ष्मी चंद वर्मा के अनुसार महिला ने करीब तीन सप्ताह पहले कांस्टेबल के खिलाफ दुष्कर्म की शिकायत दी थी। शिकायत में पीड़िता ने बताया कि कांस्टेबल ने उससे डरा धमकाकर दुष्कर्म किया है। पुलिस इस मामले में अनुसंधान कर रही है। महिला ने घटना जनवरी में होना बताया है। आरोपी कांस्टेबल और महिला पड़ोस में ही रहते हैं।

# इमाम हुसैन की याद में 40वें का ताजिया निकालने के बाद लंगर ए इमाम हुसैन कार्यक्रम रखा

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** हजरत दीवाना शाह साहब रअ की दरगाह के पीछे स्थित नंदवाना कॉलोनी एवं कच्ची बस्ती में इमाम हुसैन की याद में 40वें का ताजिया मंगलवार की सांय तथा बुधवार के दिन निकाला गया। नगर पालिका कपासन वार्ड नंबर 8 पार्षद अकील शाह ने बताया कि इमाम हुसैन की याद में 40वें का ताजिया निकाला गया।जिसमे समाज के युवाओं द्वारा अखाड़ा प्रदर्शन किया तथा समाज जनों द्वारा सबील लगाकर शरबत का वितरण किया गया। ताजिये के जुलूस में मुस्लिम समाज के महिलाएं, बच्चे,पुरुष एवं बुजुर्गगण उपस्थित रहे। ताजिये के बाद बुधवार सांय लंगर ए इमाम हुसैन का कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान अंजुमन सदर अशफाक हुसैन तुर्किया, पूर्व पार्षद मोहम्मद इलियास छिपा,अब्बास नीलगर,वसीम,लियाकत पठान,ताजिया कमेटी के सदर असगर हुसैन सहित समाजजन एवं प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिसकर्मी जुलूस के साथ उपस्थित रहे।

# चौमहला में दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग पर गेट नंबर 32 पर अंडर पास से आवागमन शुरू



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( नि.स. )।** झालावाड़ जिले के चौमहला में आखिर कार लम्बे इंतजार के बाद बुधवार से दिल्ली मुंबई रेल मार्ग पर गेट नंबर 32 पर निर्माणधीन अंडर पास से आवागमन शुरू कर दिया गया जिससे क्षेत्र के लोगो में खुशी है,अंडर पास अभी निर्माणधीन है इसमें अभी और कार्य होने बाकी है ,लोगो को हो रही परेशानी को देखते हुए इसे आवागमन के लिए चालू कर दिया गया है। दिल्ली मुंबई रेल मार्ग पर स्थित गेट नंबर 32 की सम पार रेलवे फाटक को गत 1 जनवरी से स्थाई रूप बंद कर इस पर अंडर पास का निर्माण कार्य शुरू कर दिया था 8 माह से इस मार्ग पर आवागमन बंद था जिस कारण कस्बे वासियों सहित क्षेत्र के लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था,वाहन चालकों को चौमहला आने के लिए करीब पांच किलोमीटर घूम कर बाईपास से चौमहला आना पड़ रहा था,राहगीर जान जोखिम में डाल कर रेल पटरियां पार कर रहे थे,क्षेत्र के नागरिकों व्यापार संघ द्वारा लगातार रेलवे के अधिकारियों,जिला कलेक्टर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देकर कार्य शीघ्र पूरा कराकर आवागमन शुरू करने की मांग की जा रही थी।

# ग्राम पंचायत मंडावर की महिला शक्ति ने पन्नाधाय के बलिदान एवं महाराणा प्रताप के शौर्य को नमन किया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन/राजसमंद ( नि.स. )।** राजसमन्द जिले में भीम उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मण्डावर की 500 से अधिक महिला शक्ति ने सरपंच प्यारी कुमारी चौहान एवं लोको पायलट जसवंत सिंह चौहान के सानिध्य में काशियो का भैरूजी स्वादरी,पन्नाधाय स्मारक कमेरी,वेबर महादेव आमेट,महाराणा प्रताप स्मारक दिवेर का अवलोकन किया।इस मौके पर पन्नाधाय स्मारक पर पन्नाधाय के बलिदान की कहानी को बताया गया। दिवेर स्मारक पर महाराणा प्रताप की वीरता पराक्रम से अवगत कराया। इस दौरान महिला शक्ति ने इनके बलिदान व शौर्य को नमन किया। काशियो भेरूजी व वेबर महादेव के दर्शन कर कुशलता की कामना की। वेबर महादेव आमेट में महिलाओं ने गार्डन में झूले, चकरी का आनन्द लिया। इस दौरान डाली देवी,सीता देवी,भंवरी देवी,मंजू देवी,गीता देवी,लीला देवी,पुष्पा देवी,फूली देवी, मीना देवी,भगवती देवी,गेकु देवी,मिश्री देवी,शांता देवी,जमना देवी,कोयली देवी,सुखी देवी,रोशना देवी, सुगना देवी,माली देवी,पतासी देवी,तारा देवी, बसन्ता देवी,पूरी देवी,धापू देवी,रेखा देवी,सकू देवी, मोती राम,शेर सिंह,खंगार सिंह,टिल सिंह,पुष्पेंद्र सिंह,पन्ना सिंह,मोहन सिंह,गिरधारी सिंह,गोविंद सिंह,फतह सिंह,खीम सिंह,भीम सिंह आदि महिला शक्ति उपस्थित रही।

# जन्माष्टमी पर्व पर रॉयल इंटरनेशनल स्कूल के नन्हे विद्यार्थियो ने आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** जन्माष्टमी पर्व को नगर में स्थित रॉयल इंटरनेशनल स्कूल मे समारोहपूर्वक मनाया गया।जिसमे नन्हे बच्चों द्वारा आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गयी।

रॉयल इंटरनेशनल स्कूल के कोऑर्डिनेटर रघुराज चाष्टा ने बताया कि जन्माष्टमी पर्व को विद्यालय परिवार द्वारा उत्साहपूर्वक मनाया गया।जिसमे नन्हे बच्चों द्वारा कृष्ण एवं कृष्ण आधारित विभिन्न झांकियां प्रस्तुत की गयी।जिसमे बताया कि कृष्ण द्वारा माखन मित्रों मे बाटकर केसे खाया जाता था।महिलाएं मक्खन केसे बनाती तथा कृष्ण बचपन मे गाय चराने का काम केसे करते थे।कार्यक्रम प्रभारी वैशाली चाष्टा ने बताया कि जन्माष्टमी पर्व पर आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से नन्हे बच्चों को मित्रता का महत्व समझाया गया।जिसमे भगवान कृष्ण ने सुदामा की केसे मदद की तथा आज के परिपेक्ष्य मे स्कूल के विद्यार्थीगण में एक मित्र दूसरे मित्र का कैसे सहयोग करे समझाया गया।इस दौरान कृष्ण धाम सांवरियाजी,श्रीनाथजी एवं द्वारकाधीशजी के संबंध में विद्यार्थियो को विस्तारित जानकारी प्रदान की गयी।



# पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यो को भजनलाल सरकार बजट प्रावधान कर पुनः उक्त कार्य करा रही है

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष पंकज सिरोया व ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ पार्षद नन्दकिशोर टेलर,नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजुदेवी सोनी,पार्षद पुष्पा वैष्णव,अशोक विजयवर्गीय ने सामुहिक बयान जारी कर बताया कि राज्य की पुर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने बिना बजट प्रावधान के विधानसभा चुनाव में लाभ लेने हेतु आनन-फानन में नगर पालिका क्षेत्र की सड़को के कार्यादेश जारी कर दिये तथा ठेकेदारों से कार्य शुरू करवा दिये। जब ठेकेदारों को पता चला की कोई बजट प्रावधान नहीं है तो उन्होनें कार्य बंद कर दिया।राज्य की भजनलाल सरकार इन सड़कों के लिये बजट प्रावधान कर पुनः उक्त कार्य करवा रही है।

# सम्भागीय संयुक्त निदेशक उद्यान ने की उद्यान विभाग की समीक्षा

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( प्रकाश खत्री )।** उद्यान विभाग चित्तौड़गढ़ के सभाकक्ष में संयुक्त निदेशक उद्यान महेश चेजारा की अध्यक्षता में उद्यान विभाग कि योजनाओ की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपनिदेशक उद्यान डॉ शंकर लाल जाट, सहायक निदेशक उद्यान डॉ प्रकाश चंद्र खटीक, कृषि अधिकारी डॉ विमल सिंह एवं श्री जोगेंद्र सिंह राणावत तथा फील्ड स्तरीय कृषि पर्यवेक्षक उद्यान आदि द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुये ग्रामीण क्षेत्रो में किसानों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने एवं उनकी समस्याओं के निष्पादन को लेकर कार्य करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। योजनाओं में विभिन्न कम्पोनेन्ट यथा नवीन फल बगीचा स्थापना, प्लास्टिक मल्च, लॉ-टनल, पॉलीहाउस, शेडनेट हाउस, सामुदायिक जल स्त्रोंत, प्याज भण्डारण, हाई वेल्यूवेजीटबल, ड्रिप संयत्र, मिनी स्प्रिंकलर, स्प्रिंकलर (फव्वारा) एवं सौर ऊर्जा पम्प संयंत्र इत्यादी योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार एवं ज्यादा से ज्यादा किसानों को योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से बैठक के दौरान संयुक्त निदेशक उद्यान ने विभाग के अधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। जिले में प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान कम्पानेन्ट बी सौर ऊर्जा पम्प परियोजना अन्तर्गत सोलर पम्प स्थापना हेतु अधिकृत कम्पनी प्रतिनिधियों को अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश प्रदान किये गये। योजनाओं की प्रगति संतोषप्रद रही।



# धूमधाम से मनाया पोरवाल दिवस

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** पोरवाल मांगलिक एवं सामुदायिक भवन में पोरवाल दिवस पर विभिन्न सेवा कार्यों का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 125 स्वजनों ने भाग लिया। पोरवाल समाज के अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि सर्वप्रथम प्रात: काल में पोरवाल भवन के दोनों तरफ लगभग 50 वृक्षारोपण किया गया। जिसमें ग्रीन आर्मी का भी भरपूर सहयोग रहा।

वृक्षारोपण में ट्री गार्ड लगवा कर सभी पौधों को सुरक्षित किया गया तथा इस सभी के रखरखाव की जिम्मेदारी पोरवाल समाज ने ली। इसी क्रम में लगभग 150 खाने के पैकेट जरूरतमंद एवं असहाय को वितरित किए गए तथा इस पुण्य कार्य में भी समाज का भरपूर सहयोग मिला तथा जिन असहाय लोगों को पैकेट वितरित किए गए उनमें बच्चे औरतें एवं पुरुषों के चेहरे की प्रसन्नता देखते ही बनती थी। कुछ लोगों ने तो स्वादिष्ट भोजन का आनंद भवन परिसर में बैठकर ही लिया। सेवा के कार्यक्रमों को आगे बढाते हुए किशोरपुरा स्थित गौशाला में जाकर गायों को चारा एवं गुड़ खिलाया गया। इसके बाद पोरवाल दिवस का भव्य समारोह गणेश पूजन एवं राजा टोडरमल की तस्वीर पर माल्यार्पण कर प्रारंभ हुआ। सभी ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया एवं इसके पश्चात पोरवाल ध्वज का ध्वजारोहण अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने किया एवं मातृशक्ति द्वारा ध्वज गीत का गायन किया गया जिसको वहां उपस्थित सभी स्वजनों ने सामूहिक रूप से गाया। विभिन्न वक्ताओं सीएम गुप्ता ,डॉ महावीर प्रसाद गुप्ता, रविंद्र गुप्ता, सुरेश चंद जैन एवं मुख्य वक्ता के रूप में आर.पी. गुप्ता ने पोरवाल दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की समाप्ति पर सभी ने सुरुचि भोज का आनंद लिया। कार्यक्रम के समापन पर ऋषभ कुमार जैन, कोषाध्यक्ष पोरवाल समाज कोटा ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन धनराज गुप्ता, महामंत्री ने किया।



# महिला से दुष्कर्म के आरोप में कांस्टेबल गिरफ्तार, डरा धमका कर बनाया हवस का शिकार

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** शहर में हाल ही में महिला से दुष्कर्म का मामला बीते दिनों सामने आया था। इस मामले में महिला ने नयापुरा थाने के कांस्टेबल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने अब कार्रवाई करते हुए आरोपी कांस्टेबल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपाधीक्षक द्वितीय गंगासहाय शर्मा के अनुसार दोनों दूर के रिश्तेदार हैं। दोनों नयापुरा थाना क्षेत्र में रहते हैं, जबकि उनकी पोस्टिंग अलग-अलग जगहों पर है। महिला के परिवारजन भी पुलिस में तैनात हैं। पीड़िता की ओर से नयापुरा थाने में लिखित शिकायत दी गई थी, जिसमें उसने बताया था कि कांस्टेबल ने उसके साथ दुष्कर्म किया है और वो बार-बार ऐसा कर रहा था। महिला की रिपोर्ट पर कांस्टेबल के खिलाफ दुष्कर्म और अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया और जांच पूरी होने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया तथा आरोपी को निलंबित कर दिया गया।

# डॉ. अनुकृति शर्मा प्राच्य विद्या कौशल विकास परिषद् में विषय विशेषज्ञ मनोनीत

## राष्ट्रीय संस्कृत विवि नई दिल्ली के सहयोग से 12 कौशल आधारित पाठ्यक्रम विकसित करने में सहयोग करेंगी डॉ. अनुकृति



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** कोटा विश्वविद्यालय में कौशल विकास केंद्र की निदेशक डॉ. अनुकृति शर्मा को प्राच्य विद्या कौशल विकास परिषद की ओर से पाठ्यक्रम निर्मात्री एवं कौशल विषय विशेषज्ञ मनोनीत किया गया है। प्राच्य विद्या कौशल विकास परिषद, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की देखरेख में काम करने वाली स्वायत्त संस्था है। राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के सहयोग से कौशल आधारित 12 पाठ्यक्रमों का विकास किया जा रहा है। इन पाठ्यक्रमों के निर्माण में डॉ. अनुकृति शर्मा कोर्स क्रिएटर के तौर पर सहयोग करेंगी। डॉ. अनुकृति शर्मा ने बताया कि पाठ्यक्रम निर्माण से संबंधित दो दिवसीय कार्यशाला दिल्ली में आयोजित की जा रही है। इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य संस्कृत, संस्कृत पढ़ने वाले में वृद्धि और संस्कृत छात्रों में कौशल उपार्जन करना है।

**इन पाठयक्रमों का होगा निर्माण :** संस्कृत छात्रों में कुशलता विकास करने के लिए और साथ ही तुरंत रोजगार प्राप्त करने के लिए 12 विशेष पाठ्यक्रमों का चयन किए गए हैं। 1. एनीमेटर, 2. मोबाइल गेम डेवलपर, 3. न्यूज रीडर, 4. स्क्रिप्ट राइटर, 5. टेंपल कल्चर एंड मैनेजमेंट, 6. इंडीजीनस टेक्नीक्स ऑफ ऑर्गेनिक एग्रीकल्चर, 7. कोडिंग लैंग्वेज (सी++, जावा इत्यादि), 8. एक्टर, 9. कंप्यूटर एप्लीकेशंस/डीटीपी, 10. एंकर, 11. पुराण प्रवचन

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# राजस्थान में आज से दो दिन कमजोर रहेगा मानसून

## बाड़मेर में बारिश का दौर जारी, रामसर-गडरारोड में मूसलाधार बारिश

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** राजस्थान में भारी बारिश का दौर बुधवार से थम गया। अगले दो दिन राज्य में कुछ स्थानों पर छुटपुट बारिश को छोड़कर अधिकांश जगहों पर मौसम साफ रहेगा और धूप निकलेगी। चार दिन बाद 1 सितंबर से राजस्थान में एक नया वेदर सिस्टम एक्टिव होगा, जिससे मानसून फिर से एक्टिव होगा। इससे सितंबर के पहले सप्ताह में कुछ जगहों पर भारी बारिश हो सकती है। इस सीजन में अब तक 52 प्रतिशत ज्यादा बारिश हो चुकी है। 27 अगस्त तक सामान्य बारिश 357.6 एमएम होती है, जो इस बार 542.5 एमएम है। जो इस बार 52 प्रतिशत ज्यादा है। बाड़मेर जिले में बीते 6 दिनों से मानसून मेहरबान है। बुधवार को पूरे दिन रुक-रुक कर रिमझिम का दौर चलता रहा है। आसमान में बादल छाए रहे है। अब तक जिले में 310 एमएम से ज्यादा बारिश हो चुकी है। बारिश का 75 फीसदी कोटा पूरा हो गया है। बुधवार को बाड़मेर जिले भर में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हुई है। मौसम विभाग ने आगामी 36 घंटे तक बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। इसके बाद 3 सितंबर से एक बार फिर से मानसून एक्टिव होगा। दरअसल, जून-जुलाई में मानसून कमजोर रहा। 22 जुलाई के बाद मानसून ने रफ्तार पकड़ी और मूसलाधार बारिश का दौर शुरू हुआ। बाड़मेर जिले में अब तक 310 एमएम बारिश हो चुकी हैं। बुधवार को भी जिले के ग्रामीण इलाकों में जमकर बारिश हुई। इससे किसानों के चेहरों पर खुशी छा गई। जिले में अब तक सर्वाधिक बारिश शिव में 345 एमएम हुई हैं। जबकि सबसे कम नोखड़ा में 150 एमएम बारिश हुई। आंकड़ों के मुताबिक जिले में पूरे सीजन की औसत बारिश से अब भी 25% कम हुई है।

**दिन-रात के तापमान 6 डिग्री का अंतर :** बुधवार को बाड़मेर जिले भर में आसमान में बादलों ने डेरा डाल दिया। सुबह से कभी रिमझिम तो कभी बूंदाबांदी का दौर चलता रहा है। इससे मौसम सुहाना बना रहा है। इससे अधिकतम तापमान गिरकर 30 डिग्री के पास पहुंच गया। बुधवार को अधिकत तापमान 30.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.2 डिग्री दर्ज किया गया है। दिन-रात के तापमान में 6 डिग्री का अंतर रहा है।

### गडरारोड और रामसर इलाके में बारिश

गडरा रोड व रामसर इलाके के कही गावो में आज सुबह से बारिश का दौर जारी है। गडरा रोड क्षेत्र के बांडासर तामलोर, पनेला खलीफ की बावड़ी, खनियानी, करीम का पार समेत पूरे क्षेत्र में अच्छी बारिश हुई है। वही, रामसर पंचायत समिति के गागरिया अभें का पार, चंदे का पार, लकड़ियाली मापुरी देतानी समेत पूरे क्षेत्र में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हुई है। आज सुबह से लगातार रुक रुक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक गुरुवार को भी जिले के कई हिस्सों में हल्की और मध्यम बारिश की संभावना है। लगातार बारिश के कारण तापमान में गिरावट होने से मौसम खुशगवार हो गया है।

### पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा बारिश माउंट आबू में

पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा बरसात सिरोही के माउंट आबू में 51एमएम दर्ज हुई। अलवर में 37एमएम, बाड़मेर के गुढ़ामनाली में 33, डूंगरपुर के वेंजा में 36, उदयपुर के सलूंबर में 30 और गोगुंदा 21एमएम बरसात दर्ज हुई। जालोर, जैसलमेर, जोधपुर समेत आसपास के कई जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज हुई। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि दक्षिणी राजस्थान के ऊपर बना डीप डिप्रेशन तंत्र कल धीरे-धीरे लगभग पश्चिम दिशा की ओर आगे बढ़कर गुजरात के उत्तरी भागों के ऊपर पहुंच गया। इस कारण राजस्थान में अब अगले दो-तीन दिन यानी 31 अगस्त तक भारी बारिश की गतिविधियां कमजोर रहने और दिन में कई जगहों पर आसमान साफ रहने, धूप निकलने जैसी परिस्थिति रहने की संभावना है।

## कोलकाता रेप-मर्डर केस, केंद्र ने मुख्य सचिवों-डीजी को चिट्ठी लिखी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** कोलकाता के आरजी कर रेप-मर्डर को लेकर देशभर में प्रदर्शन हो रहे हैं। अब केंद्र सरकार ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस प्रमुख को लेटर लिखा है। इसमें कहा है कि अस्पताल में नाइट पेट्रोलिंग और लोगों की पहुंच को नियंत्रित करने की जरूरत है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्र ने 23 अगस्त को राज्यों के आला अफसरों को चिट्ठी लिखी है। इसमें देशभर के मेडिकल इंस्टीट्यूशंस में हिंसा और कोलकाता रेप-मर्डर केस को लेकर चिंता जताई गई है। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 8 अगस्त की देर रात एक ट्रेनी डॉक्टर का रेप और फिर हत्या ही गई थी। 9 अगस्त की सुबह बॉडी मिली। इसके बाद देशभर के डॉक्टरों ने हड़ताल कर दी। मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वत:संज्ञान लिया और सुनवाई की। कोर्ट ने डॉक्टरों को काम पर वापस लौटने की अपील भी की।

वहीं, रेप-मर्डर केस को लेकर 27 अगस्त को कोलकाता में छात्र और कर्मचारी संगठनों ने प्रदर्शन किया। पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ी और पथराव किया। पुलिस ने लाठीचार्ज किया और वाटर कैनन चलाई। 100 से ज्यादा लोग और 25 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। आज यानी 28 अगस्त को भाजपा ने बंगाल बंद बुलाया है।

## डोटासरा बोले- किरोड़ी काम संभालें, विपक्ष उन्हें कुछ नहीं कहेगा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने आपदा राहत और पंचायतीराज मंत्री डॉ किरोड़ीलाल मीणा के इस्तीफे पर तंज कसते हुए कहा कि वे वापस काम संभाल लें, विपक्ष उन्हें कुछ नहीं कहेगा। डोटासरा ने मंत्रियों पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए हैं।

दरअसल, जयपुर के कांग्रेस वॉररूम में मीडिया से बातचीत करते हुए डोटासरा ने डॉ. किरोड़ीलाल पर तंज कसे। वे बोले- प्रदेश में आपदा राहत मंत्री का कोई अता पता नहीं है,कब गए थे। कह रहे हैं, भवानी जागेगी तो आ जाउंगा। उनके भवानी जगाइए, विपक्ष वाले और हम सब मिलकर उनकी भवानी जगाएं, बीजेपी वाले तो जगाएंगे नहीं। आप तो महाराज आ जाइए, आपका काम हो गया। डोटासरा ने कहा- 45 दिन के बाद तो सब कुछ हो जाता है। आप तो वापस आकर काम संभाल लीजिए,हम तो कुछ नहीं कहेंगे, प्रतिपक्ष कुछ नहीं कहेगा यह मैं गारंटी से कह सकता हूं। क्योंकि वो सम्मानित नेता हैं, जनता के चुने हुए प्रतिनिधि हैं। उन्हें मंत्री बनाया गया है, जब तक उनके खिलाफ ऊपर से पर्ची नहीं आती है तब तक उन्हें काम करना चाहिए।

## परिवारवाद होता तो मैं अध्यक्ष नहीं बनता : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

### युवा कांग्रेस को हमारे प्रभारी ने माफ किया; उनका घटिया प्रदर्शन निंदनीय है

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा- भाजपा में परिवारवाद नहीं है होता तो मैं प्रदेश अध्यक्ष नहीं बन पाता। मैंने कभी सपने भी नहीं सोचा था कि राजस्थान भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनूंगा। लेकिन, संगठन ने मुझे जिम्मेदारी दी। उन्होंने राजस्थान प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल की कार स्याही फेंकने के मामले कहा- युवाओं ने पायलट के समर्थन में नारे लगाए। हीन भावना दिखाई। लोकतंत्र में बात रखने का हक है लेकिन कोई घटिया प्रदर्शन करें यह निंदनीय है। हम चाहते तो जवाब दे सकते लेकिन हमारे प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल ने उनको माफ कर दिया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष आज उदयपुर से सलूंबर के लवकुश गार्डन में भाजपा की सदस्यता अभियान की बैठक में शामिल होने आए थे।

#### कहा- हिन्दू तो रात को पेड़ भी नहीं हिलाता

उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा- कांग्रेस भाजपा के खिलाफ भ्रम फैला रही है। राहुल गांधी कहते हैं- हिन्दू-हिंसा, अरे हिन्दू तो रात को पेड़ भी नहीं हिलाते। हिंसा कैसे कर सकते हैं। आज आप खुद देखिए हम चींटी को दाना डालते हैं, कबूतरों को दाना डालते हैं।

## रवि बिश्नोई को राजस्थान टीम से जोड़ने की तैयारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** एक साल पहले राजस्थान टीम को छोड़कर गुजरात टीम से खेलने वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर रवि बिश्नोई को दोबारा राजस्थान क्रिकेट टीम से जोड़ने की तैयारी की जा रही है। इसके अलावा पूर्व कप्तान अशोक मेनारिया समेत 5 खिलाड़ियों को भी दोबारा राजस्थान टीम में लाने की कवायद की जाएगी। इसके लिए राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी ने तैयारी शुरू कर दी है। दरअसल, मंगलवार को एडहॉक कमेटी की बैठक हुई थी। इसमें राजस्थान टीम को छोड़कर दूसरे स्टेट से खेल रहे खिलाड़ियों को दोबारा टीम में लाने को लेकर बातचीत की गई। कमेटी के एक सदस्य ने बताया कि इन खिलाड़ियों से बातचीत कर दोबारा घरेलू स्टेट से खेलने के लिए बात की जाएगी।

# देश में जोधपुर-आगरा समेत 12 औद्योगिक स्मार्ट शहर बनेंगे

## 10 राज्यों में 28 हजार करोड़ की स्कीम मंजूर, 40 लाख नौकरियां मिलेंगी

बढ़ता राजस्थान





**नई दिल्ली।** देश के 9 राज्यों में 12औद्योगिक स्मार्ट शहर तैयार किए जाएंगे। इसके अलावा, 10 राज्यों में 6 कॉरिडोर बनेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने बुधवार, 28 अगस्त को इसकी मंजूरी दी। 12 औद्योगिक स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत 10 लाख लोगों को प्रत्यक्ष तौर पर और 30 लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रोजेक्ट की कुल लागत 28,602 करोड़ होगी। 1.52 लाख करोड़ की निवेश क्षमता होगा। ये औद्योगिक स्मार्ट सिटी नेशनल इंडस्ट्री डेवलपमेंट कॉरिडोर प्रोग्राम के तहत बनाए जा सकते हैं।

**234 शहरों में निजी स्नरू रेडियो की मंजूरी :** कैबिनेट ने देश के 234 शहरों या कस्बों में निजी स्नरू रेडियो शुरू करने को मंजूरी दे दी। इन शहरों में अभी यह सेवा नहीं थी।

**मोदी ने 10 जून को की थी पहली कैबिनेट बैठक :** 9 जून को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद पीएम ने अगले ही दिन 10 जून को मंत्रिपरिषद की पहली बैठक की थी। इसमें गरीबों के लिए तीन करोड़ नए घर बनाने को मंजूरी दी थी। इस स्कीम के तहत पिछले 10 साल में कुल 4.21 करोड़ घर पहले ही बनाए जा चुके हैं। योजना के तहत घर बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार से आर्थिक मदद दी जाती है। पीएम मोदी ने सम्मान निधि की फाइल पर भी साइन किए थे। केंद्र की किसान कल्याण योजना के तहत देश के 9.3 करोड़ किसानों को सालाना 6 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी जाती है। इसे ही किसान सम्मान निधि कहा जाता है। मोदी ने सोमवार को इसकी 17वीं किश्त को मंजूरी दी थी।

### रेलवे के 3 इंफ्रा प्रोजेक्ट को भी मंजूरी

- जमशेदपुर पुरूलिया आसनसोल (थर्ड लाइन- 121 किमी)
- सुंदरगढ जिले के सरडेगा से रायगढ जिल के भालूमुडा तक के लिए 37 किमी लंबी नई डबल लाइन
- बरगढ रोड से नवापारा (ओडिशा) तक के लिए 138 किमी लंबी नई लाइन

### 3 लाख 60 हजार करोड़ में बनेंगे 3 करोड़ नए घर

9 अगस्त को केंद्रीय कैबिनेट ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 योजना को मंजूरी दी। योजना के तहत 3,60,000 करोड़ रुपए की लागत से तीन करोड़ घर बनाए जाने हैं। कनेक्टिविटी में सुधार करने के लिए आठ रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट में लिए फैसलों की जानकारी दी थी।

## शिक्षा से वंचित ना रहे, कोई भी बच्चा : राज्यपाल



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि 14 वर्ष तक कोई भी बालक-बालिका शिक्षा से वंचित नहीं रहे, इसके लिए विशेष अभियान चलाया जाए। राज्यपाल ने बुधवार को बीकानेर के कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक में यह निर्देश दिए। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा ही प्रगति का मूल आधार है। इसे ध्यान रखते हुए प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि घुमन्तू और भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उन्हें, स्कूलों तक पहुंचाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। बेटियों को सुरक्षित वातावरण मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। केंद्र और राज्य सरकार प्रवर्तित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए राज्यपाल बागडे ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को मिले, इसके लिए अधिकारी अतिरिक्त संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। प्रत्येक पात्र किसान सब्सिडी और अन्य योजनाओं के तहत पंजीकृत हो। राज्यपाल ने कहा कि मनरेगा में व्यक्तिगत लाभ के कामों के साथ सार्वजनिक लाभ के कार्य भी हों। अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएं। स्कूलों में चारदीवारी, शौचालय निर्माण के साथ यहां की स्थानीय आवश्यकता के अनुरूप अन्य कार्य स्वीकृत किए जाएं। बागडे ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, आवास प्लस योजना, प्रधान मंत्री आदर्श ग्राम योजना, सांसद और विधायक निधि के तहत स्वीकृत कार्य समय पर पूरे हों। इन कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

**बड़े गांवों के सीवरेज और ड्रैनेज सिस्टम तैयार हों :** राज्यपाल ने कहा कि जिले के बड़े गांवों में आवश्यकतानुसार सीवरेज और ड्रैनेज सिस्टम बनाने के प्रस्ताव तैयार कर सरकार को भिजवाएं। घर-घर कचरा संग्रहण से खाद निर्माण जैसे कार्य प्रारम्भ हों, जिला परिषद इस पर विशेष ध्यान दें ।

## रीको का निजी सहायक कर्मचारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की झुंझुनूं टीम ने बुधवार देर रात को कुचामन-डीडवाना में कार्रवाई करते हुए कार्यालय क्षेत्रीय प्रबंधक रीको उप इकाई मकराना (बिदियाद) जिला कुचामन-डीडवाना निजी सहायक कर्मचारी (संविदा कर्मी) विजय सिंह को परिवादी से 92 हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की झुंझुनूं टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि उसकी फर्म की पीएमटी करने की एवज में रीको का निजी सहायक कर्मचारी विजय सिंह द्वारा क्षेत्रीय प्रबंधक के नाम पर एक लाख रूपये की रिश्वत राशि की मांग कर रहा है।

एसीबी की झुंझुनूं टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इस्माइल खान के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए रीको के निजी सहायक कर्मचारी विजय सिंह को 92 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। इस मामले में क्षेत्रीय प्रबंधक रीको उप इकाई मकराना (बिदियाद) जिला कुचामन-डीडवाना की भूमिका की जांच की जा रही है।


## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


### आर.एस.आर.डी.सी बोर्ड बैठक : उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने टोल नीति में महत्वपूर्ण सुधारों को दी मंजूरी

# सभी टोल्स पर फास्टैग चालू करें, रेट बोर्ड लगायें : उपमुख्यमंत्री

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दिया कुमारी ने बुधवार को आरएसआरडीसी बोर्ड मिंटिग की अध्यक्षता करते हुये अधिकारीयों को प्रदेश के सभी टोल बूथों पर टोल कलेक्शन फास्टैग से करवाने तथा सभी स्थानों पर रेट बोर्ड लगवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि टोल बूथों पर फास्टैग लागू होने से आमजन को राहत मिलेगी। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बुधवार को आरएसआरडीसी बोर्ड मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए टोल नीति में सुधार के महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी। उपमुख्यमंत्री ने कहा है कि टोल नियमों में किये गये इन महत्वपूर्ण परिवर्तनों से टोल संवेदको में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी तथा टोल टैक्स एकत्रण की प्रक्रिया नियमित एवं सुचारू होने से राजस्व में वृद्धि होगी।

#### बोर्ड मिटिंग के महत्वपूर्ण निर्णय

वर्तमान में लागू टोल पॉलिसी के कुछ बिन्दओं को समय की आवश्यकता के अनुरूप संशोधित किया गया है। वर्तमान में लागू संवेदक का रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया समाप्त कर दी गई जिससे अधिक संख्या में संवेदक निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकेगें। टोल की कान्ट्रेक्ट की अवधि 2 वर्ष से घटाकर 1 वर्ष कर दी गयी है। जिसे अधिकतम 3 माह बढ़ाया जा सकेगा। नियमों की पालना नहीं करने पर रू 1 लाख प्रति त्रुटि की पेनेल्टी का प्रावधान रखा गया है। यह दस्तावेज एनएचआई के नियमों के अनुरूप तैयार किया गया है। टोल रोड पर टोल टैक्स एकत्र करने हेतु नयी आरएफक्यू कम आरएफपी दस्तावेज तैयार किये गये हैं। इसके तहत् संवेदक की नेट वर्थ निविदा लागत की 20 प्रतिशत होना आवश्यक है। **फास्टैग कमाण्ड सेंटर का किया निरीक्षण :** उपमुख्यमंत्री ने आरएसआरडीसी भवन में स्थापित फास्टैग कमाण्ड सेंटर का निरीक्षण किया। इस सेन्टर के माध्यम से प्रदेश के सभी फास्टैग आधारित संचालित टोल प्लाजाओं की लाईव मोनिटरिंग की जा सकती है। इन सभी टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से कमाण्ड सेंटर में लगी स्क्रीन्स पर टोल्स का लाईव व्यू उपलब्ध होता है।

कमाण्ड सेंटर में लगे डैशबोर्ड पर ये देखा जा सकता है कि किस प्रकार के ओर कितने वाहन टोल से गुजर रहे है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक (राज.) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर (राज.)
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)